Follow us on :
bharatbhaskar.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# भारत भास्कर
हर खबर का असर
डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023
● वर्ष : 15 ● अंक-222 ● रायपुर, सोमवार 11 सितम्बर 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179

सूर्योदय 6.22
सूर्यास्त 5.38
भाद्रपद कृष्ण पक्ष
पक्ष-द्वादशी

**सुविचार**

कामयाबी के पते पे पहुंचना इतना आसान नहीं है , ऐसा वो लोग कहते है जिनके कदमो में जान नहीं है।
-स्वदेश तिवारी


3

पटवारी पर रिश्वत मांगने का आरोप, ग्रामीणों ने की हटाने की मांग


5

प्रदेश में फिर कांग्रेस सरकार बनाने हेतु सभी कांग्रेसियों ने लिया संकल्प


7

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस एवं संकुल स्तरीय विज्ञान मेला संपन्न

### संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकायों में सुधार की मांग की

# पीएम नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील को जी 20 की अध्यक्षता सौंपी दी..

नई दिल्ली/ एजेंसी

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया बदल रही है। ऐसे में दुनिया के बड़े और जिम्मेदार संस्थानों को भी बदलने की जरूरत है। यूएनएससी में अभी भी उतने ही सदस्य हैं, जितने इसकी स्थापना के समय में थे। इसका विस्तार होना चाहिए, यानी स्थायी देशों की संख्या बढ़नी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा को जी20 समूह की अध्यक्षता सौंप दी। इस दौरान उन्होंने सिल्वा को पारंपरिक गैवल (एक प्रकार का हथौड़ा) सौंपा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नई वैश्विक संरचना में दुनिया की नई हकीकत को प्रतिबिंबित करने का आह्वान किया और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकायों में सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि दुनिया बदल रही है। ऐसे में दुनिया के बड़े और जिम्मेदार संस्थानों को भी बदलने की जरूरत है। यूएनएससी में अभी भी उतने ही सदस्य हैं, जितने इसकी स्थापना के समय में थे। इसका विस्तार होना चाहिए, यानी स्थायी देशों की संख्या बढ़नी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य वैश्विक निकायों में सुधारों पर नए सिरे से जोर देते हुए कहा कि विश्व निकाय के सदस्य देशों में वृद्धि के बावजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सदस्यों की संख्या नहीं बढ़ी है। जब संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 51 सदस्यों के साथ हुई थी, तो दुनिया अलग थी। अब सदस्य देशों की संख्या लगभग 200 हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रकृति का नियम है



कि जो समय के साथ नहीं बदलते, वे अपनी प्रासंगिकता खो देते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी सामाजिक व्यवस्था और मौद्रिक व वित्तीय स्थिरता के लिए एक नया विषय है। इसे विनियमित करने के लिए वैश्विक मानक निर्धारित किए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि नवंबर 2023 तक जी20 की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत के पास है। इन दो दिनों में आप सभी ने बहुत सारे सुझाव दिए, प्रस्ताव रखे। हमारा कर्तव्य है कि सुझावों की एक बार फिर से समीक्षा की जाए, ताकि यह देखा जा सके कि उनकी प्रगति को कैसे तेज किया जा सकता है। मेरा प्रस्ताव है कि नवंबर के अंत में हम जी 20 का एक वर्चुअल सत्र आयोजित करें। हम इस शिखर सम्मेलन में तय किए गए विषयों की समीक्षा उस वर्चुअल सत्र में कर सकते हैं। मुझे आशा है कि आप सभी वर्चुअल सत्र में जुड़ेंगे। इसके साथ मैं जी20 सत्र के समापन की घोषणा करता हूं। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने कहा कि भू-राजनीतिक मुद्दों को जी20 में चर्चा पर हावी नहीं होने देना चाहिए। समूह को विभाजित जी20 में कोई दिलचस्पी नहीं है। आज की चुनौतियों का सामना संयुक्त कार्रवाई के जरिए ही किया जा सकता है। जी20 की अध्यक्षता मिलने के बाद उन्होंने कहा कि हमें संघर्ष के बजाय शांति और सहयोग की जरूरत है। अगला जी20 शिखर सम्मेलन नवंबर 2024 में रियो डी जनेरियो में होगा। लूला डी सिल्वा ने कहा कि जो रास्ता हमें नई दिल्ली से रियो डी जनेरियो तक ले जाएगा, उसके लिए सभी से बहुत समर्पण और प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी।

ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि गरीब देशों की कर्ज की समस्या पर ध्यान देना होगा। दुनिया को भुखमरी खत्म करने की कोशिश बढ़ानी होगी। उन्होंने पीएम मोदी को बधाई दी और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के हित के विषयों को आवाज देने के प्रयासों के लिए भारत को धन्यवाद दिया।

## विश्व बैंक के अध्यक्ष ने जी 20 देशों की तारीफ की....

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** भारत की जी20 अध्यक्षता की हर कोई तारीफ कर रहा है। इसी कड़ी में अब विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा शामिल हो गए हैं। बंगा ने कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता में दुनिया के लिए एक रास्ता तय किया है। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि जी20 घोषणापत्र पर सभी देशों की आम सहमति आसानी से बन पाई। बंगा ने कहा कि मैं इस तथ्य से खुश हूं कि जी20 देश एक दूसरे का साथ देने को एकजुट खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया देख रही है कि जी20 को कैसे विकसित दुनिया और विकासशील देश मिले हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए बंगा ने इस बात पर जोर दिया कि चुनौतियां हमेशा मौजूद रहेंगी, लेकिन भारत ने आम सहमति बनाकर दुनिया को रास्ता दिखाया है। बंगा ने आगे कहा, दुनिया की 80 फीसद जीडीपी कमरे में बैठी हुई थी। अगर वे किसी विषय पर सहमत नहीं होंगे तो इससे अच्छा संदेश नहीं जायेगा। मैं वास्तव में घोषणापत्र पर आम सहमति बनाने में सक्षम होने के लिए भारत, उसके नेतृत्व और जी20 लीडर्स की सराहना करता हूं।

**सम्मेलन में मौजूद देशों का मूड देखकर अच्छा लगा-** बंगा ने कहा कि हर देश अपना फायदा देखता है, लेकिन मैंने इस सम्मेलन में जो मूड देखा, उससे मैं आशावादी हूं। विश्व बैंक अध्यक्ष ने कहा कि यहां हर देश अपने राष्ट्रीय हितों का ध्यान तो दे रहा था, लेकिन दूसरे के विचारों को भी सुन रहा था। बता दें कि जी20 घोषणापत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि इसके सभी 83 पैराग्राफ चीन और रूस के साथ 100 प्रतिशत सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। यह पहली दफा था कि घोषणा में कोई नोट या अध्यक्ष का सारांश शामिल नहीं था।

# नायडू से 371 करोड़ रूपए के स्कैम में 10 घंटे पूछताछ हुई

### आंध्र के पूर्व सीएम चंद्रबाबू कोर्ट में पेश किए गए

हैदराबाद/ एजेंसी

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी चीफ चंद्रबाबू नायडू को सीआईडी ने रविवार को विजयवाड़ा कोर्ट में पेश किया। 371 करोड़ रुपए के स्किल डेवलपमेंट स्कैम में नायडू को शनिवार सुबह 6 बजे गिरफ्तार किया गया था। उनसे कल 10 घंटे की पूछताछ भी हुई थी। चंद्रबाबू नायडू की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट में अपनी दलीलें रखीं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने चंद्रबाबू को राजनीतिक फायदे के लिए गलत आरोपों में फंसाया है। इस दौरान कोर्ट कॉम्पलेक्स के बाहर तेलुगु देशम पार्टी के समर्थक भारी संख्या में उपस्थित रहे। वे राज्य के मुख्यमंत्री और वायएसआर कांग्रेस के प्रमुख जगनमोहन रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इससे पहले शनिवार देर रात अभिनेता और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी का विरोध किया। राज्य सरकार के विरोध में वे अपने समर्थकों के साथ विजयवाड़ा जा रहे थे। बीच रास्ते में उन्हें पुलिस ने रोका। विरोध में वे सड़क पर ही लेट गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें एहतियातन हिरासत में ले लिया। चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी पर तेलुगु अभिनेता और टीडीपी विधायक नंदमुरी बालकृष्ण ने मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की आलोचना की है। उन्होंने कहा- एक साइको (पागल) राज्य पर शासन कर रहा है। उसके शासन को खत्म करने की जरूरत है। नंदमुरी ने कहा- पूर्व सीएम नायडू के शासन काल में स्किल डेवलपमेंट सेंटर के जरिए 2 लाख युवाओं को



ट्रेनिंग दी गई थी। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि उन्हें इस केस में गिरफ्तार क्यों किया गया। चंद्रबाबू को शनिवार सुबह 6 बजे नंदयाल से गिरफ्तार किया गया था। यहां से उन्हें विजयवाड़ा ले जाया गया, जहां सीआईडी ने उनसे 10 घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद उन्हें रविवार तड़के 3:40 बजे विजयवाड़ा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। यहां 50 मिनट तक उनका मेडिकल टेस्ट हुआ। यहां से उन्हें कोर्ट ले जाना था, लेकिन सीआईडी उन्हें वापस स्टेट इन्वेस्टिगेशन टीम के दफ्तर ले गई। सीआईडी ने बताया कि चंद्रबाबू ने पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं किया। उन्होंने जवाब देने की बजाय कहा कि उन्हें कई बातें याद नहीं हैं। चंद्रबाबू के वकील ने कोर्ट को बताया कि राजनीतिक फायदे के लिए चंद्रबाबू पर गलत आरोप लगाए गए हैं।

उन्होंने प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के प्रावधानों की बारीकियों के बारे में बताते हुए दावा किया कि उनके खिलाफ कोई दमदार सबूत नहीं है। उन्होंने कोर्ट से अपील की कि सीआईडी की तरफ से दाखिल की गई रिमांड रिपोर्ट को रिजेक्ट कर दिया जाए।

## बीजेपी जो करती है,उसका हिंदू से कोई लेना-देना नहीं-राहुल गांधी..

ओस्लो/ एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यूरोप दौरे के तीसरे दिन पेरिस की साइंसेज पो यूनिवर्सिटी में छात्रों को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि सरकार हमारे आईएनडीआईए गठबंधन के नाम से चिढ़ गई है। इसी वजह से देश का नाम बदलना चाहती है। मैंने गीता पढ़ी है। उपनिषद पढ़े हैं और कई हिंदू किताबें भी पढ़ी हैं। इस आधार पर मैं कह सकता हूं कि बीजेपी जो करती है, उसमें कुछ भी हिंदूवादी नहीं है। राहुल आज नॉर्वे की राजधानी ओस्लो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वहां वे एक प्रवासी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। वे त20 समिट खत्म होने के 2 दिन बाद यानी 13 सितंबर को भारत लौटेंगे। राहुल ने देश में



अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने कहा, बीजेपी और आरएसएस भारत की निचली जाति, पिछड़ी जाति और इसके अलावा अल्पसंख्यकों की अभिव्यक्ति को रोकने की कोशिश कर रही हैं। मैं ऐसा भारत नहीं चाहता हूं, जहां लोगों के साथ बदसलूकी किया जाए। बीजेपी की विचारधारा पर राहुल ने कहा कि मैंने कभी किसी हिंदू किताब में नहीं पढ़ा और न किसी हिंदू विद्वान से सुना कि आपको उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहिए, जो आपसे कमजोर हैं। ये बीजेपी के लोग हिंदू राष्ट्रवादी नहीं हैं। उनका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वे सत्ता पाने के लिए कुछ भी करते हैं। भारत में सिख समुदाय सहित 20 करोड़ लोग असहज महसूस कर रहे हैं।

ये हमारे लिए शर्म की बात है। इसे ठीक करने की जरूरत है। ऐसे अल्पसंख्यक भी हैं, जो असहज महसूस करते हैं। ऐसी महिलाएं भी हैं, जो सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं।

**बेल्जियम में राहुल बोले- रूस-यूक्रेन जंग पर सरकार के साथ-** शुक्रवार को ब्रसेल्स के प्रेस क्लब में राहुल गांधी ने कहा- हम रूस-यूक्रेन जंग पर देश के रुख का समर्थन करते हैं। रूस से हमारे अच्छे रिश्ते हैं। विपक्ष भी इस मुद्दे पर वही स्टैंड लेता जो सरकार ने लिया है।

# छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ भाजपा का 104 पेज का आरोप पत्र

हमर छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव आसन्न हैं,इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ 104 पेजी आरोप पत्र जारी किया है।भाजपा ने ऐसा काम कोई



20 साल बाद आरोप पत्र जारी कर किया है और कांग्रेस सरकार पर चौतरफा निशाना साधा है।भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के कई बिंदुओं की पोल खोलने का प्रयास किया है।भाजपा ने आरोप पत्र में पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री अटल जी के संदेशों को शामिल करते हुए कांग्रेस सरकार की प्रमुख योजनाओं पर सवाल खड़े किए हैं।पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप पत्र के ज़रिए नक्सल घटनाओं के बहाने सरकार पर टारगेट किलिंग का आरोप भी मढ़ा है और उद्योगों में कागजी एमओयू करने का आरोप लगाया है।अमित शाह का कहना था कि 5 साल से घपले घोटालों की सरकार,अत्याचार की सरकार और वादाखिलाफी की सरकार चल रही है।अमित शाह ने आगे कहा कि लूट खसोट व घपले के बीच छत्तीसगढ़ में विकास का मार्ग अवरुद्ध हो गया है।इसलिए अब जनता को फैसला करना है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनानी है। अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार ने गोबर को भी नहीं छोड़ा और गोबर में 1300 करोड़ का घोटाला किया है और कांग्रेस सरकार ने भ्र्ष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बना दिया है। इनकी ना नीति साफ है ना ही नीयत साफ है।


## छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा-2023 में टॉप 10 में 06 गर्ल्स

हमर छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग





परीक्षा-2023 के रिजल्ट आ गए हैं।परीक्षा में घोषित टॉप-10 में 06 स्थानों पर गर्ल्स का कब्ज़ा रहा है जबकि 1003 अंक लेकर सारिका मित्तल टॉपर बनीं हैं।मुख्य परीक्षा में 19 अलग अलग विभागों के 210 पदों पर भर्ती के लिए 625 उम्मीदवारों का चयन हुआ था जबकि साक्षात्कार में 621 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था।टॉप-10 सूची में सारिका मित्तल,शुभम देव,श्रेयांश पटेरिया,शिक्षा शर्मा,शुभांगी गुप्ता,पूजा पिंचा, मधु गवेल,संजय धिवर,अमन सिंह,रिचा बंसल स्थान बनाने में सफल रहे हैं।

## चुनावी प्रत्याशियों की चयन समिति में टी एस सिंहदेव शामिल



प्रमुख विपक्षी पार्टी कॉंग्रेस ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद पहली दफे छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव को केंद्रीय चुनाव समिति(सीईसी) की 16 सदस्यीय समिति में शामिल किया है।कांग्रेस ने यह समिति छत्तीसगढ़,राजस्थान व मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों से काफी पहले किया है।गौरतलब है कि सीईसी ही चुनावों में प्रत्याशियों के चयन अंतिम रूप से करती है।केंद्रीय चुनाव समिति(सीईसी) की 16 सदस्यीय समिति में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,श्रीमती सोनिया गांधी,राहुल गांधी,अम्बिका सोनी,अधीर रंजन चौधरी,सलमान खुर्शीद,टीएससिंह देव,मधुसूदन



मिस्त्री,उत्तम कुमार रेड्डी,के जे जॉर्ज, मो.जावेद,अमी याज्ञनिक,प्रीतम सिंह,पीएल पुनिया,ओमकार मरकाम,केसी वेणुगोपाल के नाम शामिल हैं।

## बावन परियों के 20 जुआरियों से 3लाख70 हज़ार कैश ज़ब्त

हमर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस ने 52



परियों के 20 शौकीनों को दांव लगाते धर-दबोचा और उनके कब्जे से 3 लाख 70 हज़ार कैश के साथ 4कारें,3 बाइक व 12 मोबाइल भी जब्त किया है।पुलिस को देवपुरी साई वाटिका गली में 52 परियों पर दांव लगाने वालों की जानकारी मिली थी।पुलिस ने टिकरापारा थाना में जुआरियों पर जुर्म कायम किया है।पुलिस की घेराबंदी में 20 जुआरी हिरासत में लिए गए हैं।

## नेत्रदान को पारिवारिक परम्परा बनाएं--डॉ दिनेश मिश्र



हमर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र का मानना है कि नेत्रदान से नेत्र दिव्यांग के जीवन का अंधियारा दूर कर सकता है।आवश्यकता इस बात की है कि लोग स्वयं व अपने परिवार के सदस्यों को नेत्रदान के लिए प्रेरित कर नेत्रदान को अपनी पारिवारिक-परंपरा बनाएं।डॉ दिनेश मिश्र ने कहा कि भारत में 1 करोड़ 20 लाख लोग दृष्टिहीन हैं और पूरी दुनिया में यह आंकड़ा 3 करोड़ तक जाता है।80 लाख लोगों की एक आंख खराब जबकि 4-5 करोड़ लोग न्यूनतम दृष्टि के शिकार हैं,जिनका हर मुश्किल ही जाता है।नेत्रदान से अंधत्व का उपचार सहज हो जाता है।

## चुनाव से पहले कारों से दो करोड़ की जब्ती




हमर छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव बहुत करीब हैं।इधर ,चुनाव आयोग के दिशानिर्देश पर राज्य की सरहदों प्र चेकिंग की बड़ी कार्रवाइयों का असर दिखने लगा है।अब कारों से लाखों रुपयों की बरामदगी हो रही है।पिछले एक सप्ताह के भीतर चेकिंग के दौरान तीन करोड़ से अधिक का कैश बरामद किया गया है।सबसे बड़ी बात कबीरधाम(कवर्धा) से ही एक करोड़ से अधिक का कैश मिला है।राजधानी रायपुर से एक कार से 68 लाख कैश की जब्ती हुई है जबकि जगदलपुर(बस्तर) में कर से 10 लाख सहित 3 युवक भी हिरासत में लिए गए हैं।इन युवकों को बस्तर-उड़ीसा के रास्ते हिरासत में लिया गया।पुलिस को संदेह है कि ज़ब्त रकम हवाला कारोबार सेजुड़ा है।रकम पास होने केके कोई दस्तावेज़ मजी नहीं मिले ,पुलिस जांच में जुटी है।

**छत्तीसगढ़ में बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी दैनिक भारत भास्कर के प्रधान संपादक, लेखक,शायर,सिंगर संदीप तिवारी राज फरमाते हैं...//तुम चुपके से अपने हिस्से की धूप देना, ठहरी ज़िंदगी के ठिठुरन से परेशां हूँ मैं...//**



# भगवान विष्णु के अवतार हयग्रीव की क्या है कहानी?

**भगवान विष्णु जी के 24 अवतारों में से ही 16वां अवतार है हयग्रीव। हयग्रीव अवतार की पूजा का प्रचलन दक्षिण भारत में अधिक है। यहां पर श्रावण पूर्णिमा के दिन भगवान हयग्रीव जी की जयंती मनाई जाती है। ऐसा माना जाता है कि भगवान हयग्रीव ने सभी वेदों को ब्रह्मा को पुनः प्रदान किया था। इस बार 30 अगस्त 2023 को यह जयंती मनाई जाएगी। इस अवतार के संबंध में दो कथाएं मिलती है।**

## पहली कथा

पहली यह कि एक बार मधु और कैटभ नाम के दो शक्तिशाली राक्षस ब्रह्माजी से वेदों का हरण कर रसातल में पहुंच गए। वेदों का हरण हो जाने से ब्रह्माजी बहुत दुःखी हुए और भगवान विष्णु के पास पहुंचे। तब भगवान ने हयग्रीव अवतार लिया। इस अवतार में भगवान विष्णु की गर्दन और मुख घोड़े के समान थी। तब भगवान हयग्रीव रसातल में पहुंचे और मधु-कैटभ का वध कर वेद पुनः भगवान ब्रह्मा को दे दिए।

## दूसरी कथा

दूसरी कथा के अनुसार एक समय की बात है कि एक बार भगवान विष्णु देवी लक्ष्मी के सुंदर रूप को देखकर मुस्कुराने लगे। देवी लक्ष्मी को लगा कि वे हंसी उड़ा रहे हैं तो बिना सोचे समझे उन्होंने शाप दे दिया कि आपका सिर धड़ से अलग हो जाए। इसमें भी प्रभु की माया थी। फिर एक बार विष्णुजी युद्ध करते हुए थक गए तो उन्होंने अपने धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाकर उसे धरती पर टिकाया और बाण की नोक पर अपना सिर रखकर योग निंद्रा में सो गए। फिर हुआ यह कि दूसरी ओर हयग्रीव नाम का एक असुर महामाया का भयंकर तप कर रहा था। भगवती ने उसे तामसी शक्ति के रूप में दर्शन दिया और कहा कि वर मांगो। उसने अमरदा का वरदान मांगा तो माता ने कहा कि संसार में जिसका जन्म हुआ उसे तो मरना ही होगा। यह तो विधि का विधान है। तुम कोई दूसरा वर मांगो। तब उसने कहा कि अच्छा तो मेरी अभिलाषा यह है कि मेरी मृत्यु हयग्रीव के हाथों हो। माता ने कहा कि ऐसा ही होगा। यह कह कर भगवती अंतर्ध्यान हो गई। हयग्रीव को लगा की अब मेरी मृत्यु तो मेरे ही हाथों होगी, अतः मैं अजर अमर हो गया, परंतु वह कुछ समझ नहीं पाया था।

फिर हयग्रीव ने ब्रह्माजी से वेदों को छीन लिया और देवताओं तथा मुनियों को सताने लगा। यज्ञादि कर्म बंद हो गए और सभी त्राहिमाम त्राहिमाम करने लगे। यह देखकर सभी देवता ब्रह्मादि सहित भगवान विष्णु के पास गए परंतु वे योगनिद्रा में निमग्र थे और उनके धनुष की प्रत्यंचा चढ़ी हुई थी। ब्रह्माजी ने उनको जगाने के लिए वम्री नामक एक कीड़ा उत्पन्न किया, जिसने वह प्रत्यंचा काट दी। इससे भयंकर टंकार हुआ और भगवान विष्णु का मस्तक कटकर अदृश्य हो गया। यह देखकर सभी देवता दुःखी हो गए और उन्होंने इस संकट के काल में माता भगवती महामाया की स्तुति की। भगवती प्रकट हुई अर उन्होंने कहा कि चिंता मत करो। ब्रह्माजी एक घोड़े का मस्तक काटकर भगवान के धड़ से जोड़ दें। इससे भगवान का हयग्रीवावतार होगा। वे उसी रूप में दुष्ट हयग्रीव दैत्य का वध करेंगे। ऐसा कह कर भगवती अंतर्ध्यान हो गई। भगवती के कथनानुसार उसी क्षण ब्रह्मा जी ने एक घोड़े का मस्तक उतारकर भगवान के धड़ से जोड़ दिया। भगवती की माया से उसी क्षण भगवान विष्णु का हयग्रीवावतार हो गया। फिर भगवान विष्णु अपने इसी अवतार में हयग्रीव नामक दैत्य से युद्ध करने पहुंच गए। अंत में भगवान के हाथों हयग्रीव की मृत्यु हुई। हयग्रीव को मारकर भगवान ने वेदों को ब्रह्माजी को पुनः समर्पित कर दिया और देवताओं तथा मुनियों को संकट से मुक्ति मिली।



# धार्मिक उत्सवों में सबसे पहले क्यों की जाती है गणेशजी की पूजा

**भगवान गणेश, मनुष्यों के कष्ट हर लेते हैं और उनकी पूजा करने से घर में सुख समृद्धि आती है। परंपरा के अनुसार, हर धार्मिक उत्सव और समारोह की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा से ही शुरू होती है। गणेश भगवान का रूप, मनुष्य और जानवर के अंग से मिलकर बना हुआ है। जो कि गहरे आध्यात्मिक महत्व को दर्शाता है।**

गणपति उत्सव की तैयारियां देश भर में चल रही हैं और इस बीच हम आपको बताने जा रहे हैं कि सभी धार्मिक उत्सवों में क्यों सबसे पहले गणपति पूजा की जाती है।
भगवान गणेश को समृद्धि, बुद्धि और अच्छे भाग्य का देवता माना जाता है और उनकी कृपा से हम सभी के जीवन में शुभ लाभ और समृद्धि की प्राप्ति होती है। भगवान गणेश, सर्वशक्तिमान देवता माने जाते हैं। भगवान गणेश, मनुष्यों के कष्ट हर लेते हैं और उनकी पूजा करने से घर में सुख समृद्धि आती है। परंपरा के अनुसार, हर धार्मिक उत्सव और समारोह की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा से ही शुरू होती है। गणेश भगवान का रूप, मनुष्य और जानवर के अंग से मिलकर बना हुआ है। जो कि गहरे आध्यात्मिक महत्व को दर्शाता है।
भगवान गणेश को सभी अच्छे गुणों और सफलताओं का देवता माना जाता है इसीलिए लोग हर अच्छे काम को करने से पहले गणेशजी की पूजा करना शुभ मानते हैं। भगवान गणेश के जन्मदिन को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म के लोग, आध्यात्मिक शक्ति के लिए, कार्य सिद्धि के लिए और लाभ प्राप्ति के लिए भगवान गणेश का पूजन धूमधाम से करते हैं। भगवान गणेश को सभी दुखों का हर्ता, संकट दूर करने वाला, सदबुद्धि देने वाला माना जाता है। आज हम आपको कुछ महत्वपूर्ण और रोचक तथ्य बता रहे हैं कि किसी भी समारोह, उत्सव या अनुष्ठान में भगवान गणेश की पूजा सबसे पहले क्यों की जाती है। हिंदू धर्म के सभी अनुयायियों का मानना है कि किसी भी नए काम को शुरू करते समय भगवान गणेश का पूजन करने से उसमें कोई बाधा नहीं आती है। ऐसा माना जाता है कि अगर आपकी सफलता के रास्ते में कोई बाधा आती है तो भगवान गणेश की पूजा करने से दूर हो जाती है। इसलिए किसी भी शुभ कार्य को आरंभ करने से पहले गणपति जी की पूजा की जाती है।

## गणेशजी की पत्नियां

भगवान गणेशजी की एक पत्नी सिद्धि हैं। सिद्धि, आध्यात्मिक शक्ति को दर्शाती हैं। इसलिए भगवान गणेश की पूजा, आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका मानी जाती है। पारंपरिक रूप से, भगवान गणेश की सूंड सीधी तरफ घुमी हुई है इसी कारण उन्हें सिद्धि विनायक भी कहा जाता है। गणेश जी की एक पत्नी का नाम बुद्धि है। इसीलिए, भगवान गणेश को बुद्धि और ज्ञान का प्रदाता माना जाता है। हाथी के मस्तिष्क को बुद्धि के प्रतीक के रूप में जाना जाता है।

## गणेशजी के बाएं हाथ में कुल्हाड़ी


भगवान गणेश, ऊपरी बांए हाथ में एक कुल्हाड़ी धारण करते हैं जो उनके न्याय के रूप में और मोह माया से मुक्त होना दर्शाती है और उनके ऊपरी दाएं हाथ में कमल है जो उनके अंदर हर भावना को दर्शाता है। अतः स्पष्ट है भगवान गणेश, भावनाओं पर विजय प्राप्त कर चुके हैं और मानव जाति का उद्धार करते हैं।

## गणेशजी की सवारी चूहा

भगवान गणेश की पूजा करने से मनुष्य में मन में भरा अंहकार मिट जाता है। भगवान गणेश की सवारी जो उनके पास ही बैठता है, हमेशा दर्शाता है कि कोई भी व्यक्ति अंहकार को छोड़कर सही बन सकता है। चूहा भले ही छोटा है लेकिन तब भी गणेशजी की सवारी बनने में सक्षम है।

## गणेशजी का बैठने का तरीका

भगवान गणेश सदैव बांए पैर को दाएं पैर रखकर बैठते हैं, जो उनके ज्ञान को दर्शाता है कि वह हर बात को अलग नजरिए से देखते है। यह दर्शाता है कि एक सफल जीवन जीने के लिए ज्ञान और भावनाओं का सही उपयोग करना चाहिए।



# सूर्य और वास्तु के बीच अनोखा कनेक्शन

दिशाओं से जुड़े वास्तु के नियम सूर्य के भ्रमण और उसकी गति को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, ताकि सूर्य की ऊर्जा आपके घर में अधिक मात्रा में प्रवेश कर सके, ताकि आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़े और सुख शांति में वृद्धि हो। आप जानिए कि घर में वास्तु के अनुसार किस कक्ष का स्थान कहां होना चाहिए।

वास्तु और सूर्य के बीच में अनोखा संबंध बताया गया है। दिशाओं से जुड़े वास्तु के नियम सूर्य के भ्रमण और उसकी गति को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, ताकि सूर्य की ऊर्जा आपके घर में अधिक मात्रा में प्रवेश कर सके, ताकि आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढे और सुख शांति में वृद्धि हो। इसलिए यदि आप अपने घर का वास्तु सूर्य के भ्रमण की दिशाओं के आधार पर तैयार करेंगे तो आपको सर्वाधिक लाीा होगा। आइए जानते हैं वास्तु के ये नियम। सूर्योदय से पहले रात्रि 3 से सुबह 6 बजे का समय ब्रह्म मुहूर्त होता है। इस समय सूर्य घर के उत्तर-पूर्वी भाग में होता है। यह समय चिंतन-मनन और पूजापाठ के लिए सर्वोत्तम माना गया है। इसलिए आपको अपना पूजाघर ईशान कोण में बनाना चाहिए।

सुबह 6 से 9 बजे तक सूर्य घर के पूर्वी हिस्से में रहता है इसलिए घर ऐसा बनाएं कि सूर्य की पर्याप्त रोशनी घर में आ सके। माना जाता है कि सुबह का सूर्य का प्रकाश जिन घरों में प्रवेश करता है, वहां लोग बीमारियों से दूर रहते हैं। यही वजह है कि सुबह के वक्त घर के सभी खिड़की और दरवाजे खोलने के बारे में वास्तु में कहा गया है।

प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक सूर्य घर के दक्षिण-पूर्व में होता है। यह समय नहाने और भोजन पकाने के लिए उत्तम है। इस वजह से रसोई घर व स्नानघर गीले होते हैं। इनका स्थान दक्षिण-पूर्व में होना चाहिए ताकि यहां सूर्य की रोशनी मिले, तभी वे सूखे और स्वास्थ्यकर हो सकते हैं।

दोपहर 12 से 3 बजे तक विश्रांति काल यानी कि आराम का समय होता है। सूर्य अब दक्षिण में होता है, अतः शयन कक्ष इसी दिशा में बनाना चाहिए और शयन कक्ष में पर्दे गहरे रंग के होने चाहिए। कहते हैं इस वक्त सूर्य से खतरनाक पराबैंगनी किरणें निकलती हैं, तो डार्क रंग के पर्दे होने से यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगी।

दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक अध्ययन और कार्य का समय होता है और सूर्य दक्षिण-पश्चिम भाग में होता है। अतः यह स्थान अध्ययन कक्ष या पुस्तकालय के लिए उत्तम है।

शाम 6 से रात 9 तक का समय खाने, बैठने और पढने का होता है इसलिए घर का पश्चिमी कोना भोजन या बैठक कक्ष के लिए उत्तम होता है। इस वक्त सूर्य भी पश्चिम में होता है।

सायं 9 से मध्य रात्रि के समय सूर्य घर के उत्तर-पश्चिम में होता है। यह स्थान शयन कक्ष के लिए सबसे उपयोगी है।

मध्य रात्रि से तड़के 3 बजे तक सूर्य घर के उत्तरी भाग में होता है। यह समय अत्यंत गोपनीय होता है यह दिशा व समय कीमती वस्तुओं या जेवरात आदि को रखने के लिए उत्तम है।

# सप्तपुरियों में एक है द्वारिका धाम

**चार धामों में से एक द्वारिका धाम का मंदिर लगभग 2 हजार से भी अधिक वर्ष पुराना है। इससे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने जो नारिका नगर बनाया था वह किसी कारणवश समुद्र में समा गया था।**

## द्वारिका पहले था कुशस्थली

गुजरात राज्य के पश्चिमी सिरे पर समुद्र के किनारे स्थित 4 धामों में से 1 धाम और 7 पवित्र पुरियों में से एक पुरी है द्वारिका। द्वारिका 2 हैं- गोमती द्वारिका, बेट द्वारिका। गोमती द्वारिका धाम है, बेट द्वारिका पुरी है। बेट द्वारिका के लिए समुद्र मार्ग से जाना पड़ता है। द्वारिका का प्राचीन नाम कुशस्थली है। पौराणिक कथाओं के अनुसार महाराजा रैवतक के समुद्र में कुश बिछाकर यज्ञ करने के कारण ही इस नगरी का नाम कुशस्थली हुआ था। यहां द्वारिकाधीश का प्रसिद्ध मंदिर होने के साथ ही अनेक मंदिर और सुंदर, मनोरम और रमणीय स्थान हैं। मुस्लिम आक्रमणकारियों ने यहां के बहुत से प्राचीन मंदिर तोड़ दिए। यहां से समुद्र को निहारना अति सुखद है।

## सप्तपुरियों में एक द्वारिका

कई द्वारों का शहर होने के कारण द्वारिका इसका नाम पड़ा। इस शहर के चारों ओर बहुत ही लंबी दीवार थी जिसमें कई द्वार थे। वह दीवार आज भी समुद्र के तल में स्थित है। भारत के सबसे प्राचीन नगरों में से एक है द्वारिका। ये 7 नगर हैं- द्वारिका, मथुरा, काशी, हरिद्वार, अवंतिका, कांची और अयोध्या। द्वारिका को द्वारावती, कुशस्थली, आनर्तक, ओखा-मंडल, गोमती द्वारिका, चक्रतीर्थ, अंतरद्वीप, वारिदुर्ग, उदधिमध्यस्थान भी कहा जाता है।

## द्वारिका में बदलते हैं वस्त्र

कहते हैं कि प्रभु श्रीकृष्ण प्रतिदिन उत्तराखंड में चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में सरोवर में स्नान करते हैं। स्नान करने के बाद श्रीकृष्ण गुजरात के समुद्र तट पर स्थित द्वारिका धाम में अपने वस्त्र बदलते हैं। द्वारिका में वस्त्र बदलने के बाद प्रभु श्रीकृष्ण ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ धाम में भोजन करते हैं। जगन्नाथ में भोजन करने के बाद प्रभु श्रीकृष्ण तमिलनाडु के रामेश्वरम धाम में विश्राम करते हैं। विश्राम करने के बाद भगवान पुरी में निवास करते हैं। इस दौरान प्रभु श्रीकृष्ण अपने भक्तों की सेवा भी करते हैं। जो भी भक्त उन्हें पुकारता है वे वहां तुरंत ही उपस्थित हो जाते हैं। प्रभु अपने सभी प्रमुख धाम की आरती भी ग्रहण करते हैं। समय-समय पर प्रभु वृंदावन के निधिवन और मथुवन में रास भी करते हैं। वहां के मंदिरों में भ्रमण भी करते हैं।

## कृष्ण क्यों गए थे द्वारिका

कृष्ण ने राजा कंस का वध कर दिया तो कंस के श्वसुर मगधपति जरासंध ने कृष्ण और यदुओं का नामोनिशान मिटा देने की ठान रखी थी। वह मथुरा और यादवों पर बारंबार आक्रमण करता था। उसके कई मलेच्छ और यवनी मित्र राजा थे। अंततः यादवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कृष्ण ने मथुरा को छोड़ने का निर्णय लिया। विनता के पुत्र गरूड़ की सलाह एवं ककुद्मी के आमंत्रण पर कृष्ण कुशस्थली आ गए। वर्तमान द्वारिका नगर कुशस्थली के रूप में पहले से ही विद्यमान थी, कृष्ण ने इसी उजाड़ हो चुकी नगरी को पुनः बसाया।

कृष्ण अपने 18 नए कुल-बंधुओं के साथ द्वारिका आ गए। यहीं 36 वर्ष राज्य करने के बाद उनका देहावसान हुआ। द्वारिका के समुद्र में डूब जाने और यादव कुलों के नष्ट हो जाने के बाद कृष्ण के प्रपौत्र वज्र अथवा वज्रनाभ द्वारिका के यदुवंश के अंतिम शासक थे, जो यदुओं की आपसी लड़ाई में जीवित बच गए थे। द्वारिका के समुद्र में डूबने पर अर्जुन द्वारिका गए और वज्र तथा शेष बची यादव महिलाओं को हस्तिनापुर ले गए। कृष्ण के प्रपौत्र वज्र को हस्तिनापुर में मथुरा का राजा घोषित किया। वज्रनाभ के नाम से ही मथुरा क्षेत्र को ब्रजमंडल कहा जाता है।



## सार-समाचार

### गांव का गौरव : सुरेंद्र ने सीजीपीएससी में हासिल किया 84 वां रैंक




**भारत भास्कर से राधेश्याम कोरी की खास रिपोर्ट/बिलासपुरः-** सुरेंद्र प्रताप कश्यप ने सीजी पीएससी की तैयारी दूसरी बार डिप्टी कलेक्टर की लक्ष्य लेकर करता रहा किंतु उन्हें 84 वां रैंक तहसीलदार के रूप में इस बार चयन हुआ है। सुरेंद्र काफी मेहनती एवं लगनशील विद्यार्थी शुरू से रहा है। श्री कश्यप वर्तमान में वाणिज्य कर निरीक्षक राज्य कर वृत्त 8 रायपुर में पदस्थापना है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा निवास ग्राम भांड़ी में हुआ ,ग्रेजुएशन रायपुर जीईएस से हुई है। उनके नजदीकी दोस्त पंकज सेतपाल, सत्या गुप्ता, अनुपम चौहान, होमेश वर्मा, हेमा साहू है। इन सभी का सीजीपीएससी में चयन हुआ है। सुरेंद्र प्रताप कश्यप ने अपने माता-पिता व गुरुजन को सफलता का मुख्य श्रेय दिया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती के लिए दावा आपत्ति 11 सितंबर से

**बिलासपुरः-** 10 सितंबर को सीडीपीओ बिल्हा के अंतर्गत ग्रामों में रिक्त 6 आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रकाशित सूची पर 11 सितंबर से दावा आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं, जो कि 20 सितंबर तक लिए जाएंगे। विभाग की परियोजना अधिकारी ने बताया कि बिल्हा स्थित परियोजना कार्यालय में उक्त तिथि तक दावा/आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम धौरांभांठा 3, मुढ़ीपार 1, डोंढकी, ऐंठुल कांपा, झाल 1तथा मोहतरा 1 आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। आवेदन पत्रों की परीक्षण के आधार पर अनंतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किए गए हैं। यदि किसी व्यक्ति की आठवीं की मार्कशीट में ग्रेड दी गई है तो वे उसका पूर्णांक और प्राप्तांक इस दौरान प्रस्तुत कर सकते हैं। जनपद पंचायत बिल्हा एवं सीडीओ कार्यालय की सूचना पटल पर उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित कर दी गई है।

### कुदरगढ़ स्काउट कैम्प में पंचमढ़ी दिवस मनाया गया





**नन्दू यादव/ सुरजपुर भारत भास्कर -** जिले के कुदरगढ़ विकासखंड ओड़गी में चल रहे 8 दिवसीय जिला स्तरीय बेसिक स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन स्काउट प्रदेश सचिव कैलाश सोनी बताया कि आपका कर्तव्य ड्यूटी टू गॉड, ड्यूटी टू सेल्फ और ड्यूटी टू अदर है। एक एक शिक्षक अच्छे समाज एवं युवाओं की स्थापना करता है । शिक्षक के हाथ में सृजन और विनाश दोनों ही होते हैं आप अपने विद्यालयों में बच्चों को स्काउट गाइड में जोड़कर एक अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकते हैं । श्री सोनी जी ने बताया की 10 सितम्बर 1956 को 56 एकड़ भू-भाग पर नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पचमढ़ी अस्तित्व में आया, उसी अवसर पर 10 सितंबर को पचमढ़ी दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाता है। पंचमढ़ी दिवस पर सभी का मुँह मीठा कराया गया। स्काउट मास्टर / गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण स्काउट ट्रेनर पूनम सिंह साहू सिविल संचालक एवं जिला कोषाध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़, दीपक कुमार पांडे शिविर संचालक जिला सचिव सारंगढ़ बिलाईगढ़, रामदत्त पटेल जिला प्रशिक्षण आयुक्त सूरजपुर, बेलभद्र देवांगन डीसीओ सहायक सिविल संचालक सूरजपुर, आनंद कुमार सिंह, विनय कुमार तिवारी, श्रीमती जेरेमिका एक्का शिविर संचालक गाइड, श्रीमती अरुणा किंडो सहायक गाइड के द्वारा 54 स्काउट एवं 25 गाइड को इनके द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन पूनम सिंह साहू के द्वारा किया गया।

---

जन्माष्टमी व्रत के बाद नदी में नहाने गए एक व्यक्ति को तैरता मिला राम नाम लिखा पत्थर, जन्माष्टमी की सुबह गांव लेकर आया तो देखने उमड़ने लगी भीड़

# पानी में राम नाम लिखा पत्थर तैरता देख लोग हैरान, 3-4 किलो है वजन, चमत्कार मानकर शुरु की पूजा-अर्चना

**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर** जिले के एक व्यक्ति को घुनघुट्टा नदी में नहाने के दौरान तैरता हुआ पत्थर मिला। पत्थर का वजन करीब 3-4 किलो है। उसके एक हिस्से में 'राम' लिखा हुआ है। वह पत्थर लेकर गांव में आ गया। इस दौरान जन्माष्टमी की भक्ति में लोग डूबे हुए थे। पत्थर को जब उन्होंने ड्रम से भरे पानी में डालकर देखा तो वह नीचे जाने की बजाय तैरने लगा। पानी में तैर रहा पत्थर ग्रामीणों में कौतुहल का विषय बन गया। देखते ही देखते गांव में लोगों की भीड़ उमडने लगी और वे भगवान का चमत्कार मानकर वे उसकी पूजा-अर्चना करने लगे। अब उक्त पत्थर को देखने दूर-दराज गांवों से लोग पहुंच रहे हैं

सूरजपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर के लकरापारा में ग्रामीणों द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही थी। शुक्रवार की सुबह गांव का ही 40 वर्षीय मनीलाल राजवाड़े जन्माष्टमी उपवास उपरांत घुनघुट्टा नदी में नहाने गया था।

इसी बीच छत्तर घाट के पास पानी में एक पत्थर तैरता हुआ चट्टानघाट की ओर आते देखा। यह देख ग्रामीण ने पत्थर को पकडक़र पानी से बाहर निकाला। मनी लाल का कहना है कि जब उसने पत्थर को देखा तो उसमें एक तरफ राम लिखा हुआ था। वह करीब 3-4 किलो वजनी पत्थर को अपने साथ लेकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूजा स्थल पर आया। ग्रामीण के हाथ में पत्थर को देखकर गांववाले हैरान रह गए। इसके बाद लोगों ने वहीं पर एक बड़े ड्रम में पानी भरकर जब पत्थर को डाला तो वह पानी में डूबने की बजाय ऊपर आ गया। उक्त पत्थर को जीतनी बार पानी में अंदर धक्का दिया गया, वह ऊपर आता रहा।





**चमत्कार मानकर शुरु की पूजा-अर्चना-** ग्रामीणों द्वारा उक्त पत्थर को एक चमत्कारिक मानते हुए उसकी पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई है। इस बात की जानकारी लगते ही पत्थर को देखने आसपास गांव के लोगों के भी पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया है। लोग इसे भगवान का एक चमत्कार मान रहे हैं।

पानी में राम नाम लिखा पत्थर तैरता देख लोग हैरान, 3-4 किलो है वजन, चमत्कार मानकर शुरु की पूजा-अर्चनाग्रामीणों ने बताया कि पंडित जी को जब उक्त पत्थर को दिखाया गया तो उन्होंने कहा कि यह पत्थर रामसेतु का है, जो नदी में बहते हुए यहां तक पहुंच गया है। बहरहाल मामला चाहे जो भी हो, लेकिन राम लिखा पत्थर के नदी में तैरते मिलने से क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल निर्मित हो गया है और लोग अब पूजा-अर्चना में जुट गए हैं।

**इधर नहीं हैं ऐसे पत्थर-** ग्रामीणों ने बताया कि राम नाम लिखा जो पत्थर मिला है, वह इस क्षेत्र में नहीं मिलता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह किसी अन्यत्र स्थान से बहकर आया हुआ है।

**ज्वालामुखी से निकले होते हैं ऐसे पत्थर-** ज्वालामुखी से निकले पत्थर ऐसे होते हैं। इसे प्यूसिम पत्थर के नाम से जाना जाता है। पानी से इसका घनत्व कम होता है, इस कारण ये पानी में तैरता है। इन पत्थरों से छोटे-छोटे छिद्रों के माध्यम से गैस निकल जाते हैं। यह आम पत्थर से अलग होता है। इसके अंदर का हिस्सा स्पंजी या डबल रोटी की भांति होता है। राम सेतु में इन्हीं पत्थरों का प्रयोग हुआ था। इस कारण पत्थर तैरने लगे थे। पानी में पत्थर का तैरना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। जिस वस्तु का घनत्व पानी से कम होता है, वह पानी में तैरने लगता है। सूरजपुर जिले का घुनघुट्टा नदी एरिया ज्वालामुखी प्रभावित क्षेत्र रहा है।

**डॉ. अनिल सिन्हा, सहायक प्राध्यापक, भूगोल**

---

# ग्राम नगोई में भव्य वैष्णवी धाम का स्थापना शर्मा परिवार के द्वारा स्थापित





### वैष्णवी धाम में 12 ज्योतिर्लिंग एवं माता दुर्गा की नौ रूपो का दर्शन प्राप्त होता है

**भारत भास्कर से राधेश्याम कोरी की खास रिपोर्ट/ बिलासपुरः-** बिलासपुर से 7 किलोमीटर दूर पूर्व दिशा की ओर ग्राम बैमा नगोई में संजय शर्मा के द्वारा वैष्णवी धाम का भव्य स्थापना किया गया है। यह इनका निवास ग्राम भी है। वैष्णवी धाम बहुत ही आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। राजेश शर्मा के भाई बसंत शर्मा का निधन पिछले कोरोना काल के दौरान हुई थी। उनका बिलासपुर में छ्रस्रू महाविद्यालय का भी संचालन हो रहा है। स्वर्गीय शर्मा जी बहुत ही सरल स्वभाव व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। उनके उच्च विचार समाज में उनका एक अलग पहचान बनाए हुए थे। भारत भास्कर के स्थानीय संपादक बिलासपुर राधेश्याम कोरी आज नगोई से गुजर रहे थे अचानक उनकी वैष्णवी धाम पर नजर पड़ी और परिवार सहित दर्शन के लिए आगे बढ़े। मंदिर पहुंचे तो वहां की नजारा देखकर भाव विभूत हुए। शुरुआत में प्रथम पूजनीय भगवान गणेश जी का दर्शन कर आगे की ओर बढ़े जिसमें माता वैष्णवी का गुफा बना है जो कटरा (जम्मू) में माता वैष्णवी जी का गुफा की आकर दिया हुआ है, जो बहुत ही आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। माता वैष्णवी की पूजा कर आगे बढ़े 12 ज्योतिर्लिंग का दर्शन प्राप्त होता है। उसके बाद वहां से ऊपर माता दुर्गा की नौ रूपो का भी भव्य स्थापना हुई है, जिसका दर्शन प्राप्त किया। वैष्णवी धाम का निर्माण संजय शर्मा परिवार के द्वारा किया गया है। यहां मां महामाया देवी का धाम भी है जहां चैत्र पर्व एवं कुवांर नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश प्रज्वलित होती है।

---

# जिलाध्यक्ष ने किया हर्ष का सम्मान



**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर** जिले के उभरते हैं नन्हे चित्रकार 13 वर्षीय हर्ष साहू ने चित्रकला में दिन व दिन ख्याति हासिल करते जा रहे हैं। उनके द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, गृहमंत्री जे.पी. नड्डा के अलावा और कई नेताओं के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ताओ का चित्र बनाया। जिससे हर्ष साहू क्षेत्र में काफी मशहूर हो गए हैं। इसी कड़ी में साहू समाज के जिला अध्यक्ष जोखन साहू एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा हर्ष साहू के निवास स्थान पर आकर साल एवं श्रीफल देकर उनका सम्मान किया गया और कहा गया आप इसी तरह निरंतर आगे बढ़ते रहो और समाज एवं प्रदेश का नाम ऊंचा करते रहे। उनके साथ हर्ष के पिता रामविलास साहू व्याख्याता एवं उनकी माता उपस्थित थी।

---

# पटवारी पर रिश्वत मांगने का आरोप, ग्रामीणों ने की हटाने की मांग

**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर** तहसील जिला सूरजपुर के ग्राम पंचायत करौटी के पटवारी पर ग्रामीणों ने रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यहां पर पदस्थ पटवारी प्रतिभा सिंह हर काम के लिए ग्रामीणों से पैसे का डिमांड करती है,पटवारी की करतूत से परेशान ग्रामीणों ने मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए उसे हटाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पं0 करौटी (बी) पटवारी हल्का नं0 30 तहसील ओड़गी, जिला- सूरजपुर (छ0ग0) की पटवारी प्रतिभा सिंह के द्वारा नामांतरण करने के लिए राजेन्द्र पैकरा आ0 रज्जूराम निवासी करौटी (बी) के पास से 2500 रू0 कैश व फोन-पे से 3500 रू0 किसी अन्य व्यक्ति के नंबर पर प्रतिभा सिंह के द्वारा पैसा डालने को कहा गया जिसमें इस नम्बर पे राजेन्द्र नाम के लडके के मोबाईल नं0 से फोन पे से 3500 रू0 ट्रांसफर किया गया इस प्रकार प्रतिमा सिंह पटवारी के द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जमीन सम्बंधीत किसी भी कार्य करने के लिए पैसा का डिमांड करती है। जिससे सभी ग्रामवासी परेशान हैं।




ग्रामीण प्रशासन से मांग किया है कि इस विषय पर कड़ी कार्यवाही किया जाये और ग्राम पंचायत करौंटी (बी) में दुसरा पटवारी दिया जावे अन्यथा समस्त ग्रामवासी आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

**एस डी एम भैयाथान सागर सिंह एवं हल्का पटवारी से फोन पर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन इन दोनों के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।**

---

# 3 दिवसीय FLN प्रशिक्षण का दूसरा चरण सम्पन्न



**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर** - बीआरसी प्रशिक्षण केंद्र रामानुजनगर में संकुल केंद्र कौशलपुर,रामानुजनगर, पिवरी,तिवरागुड़ी, पतरापाली ,छिंदिया के शिक्षको का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू ने शिक्षको से आह्वान किया कि छात्रों के संपूर्ण शैक्षणिक विकास हेतु कार्ययोजना बनाकर संकल्पित हो जाए तभी वास्तविक उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। इस हेतु बाल केंद्रित सोच एवम सतत प्रयास की आवश्यकता है। बीआरसीसी श्री हजारी लाल चक्रधारी ने भी प्रशिक्षण में प्राप्त नवाचार को अध्यापन में शामिल करने को कहा। शिक्षिका कविता साहू ने तीन दिनों के प्रशिक्षण का फीडबैक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सीएसी विनय चौरसिया एवम आभार प्रदर्शन मास्टर ट्रेनर लक्ष्मी नारायण रजवाड़े ने किया। इस अवसर सीएसी उत्तम सिंह,जयप्रकाश बरेठा ,मनोज प्रजापति, जे डी सिंह, दीवान पैकरा,विजय चौहान ,. एवम मास्टर ट्रेनर नंदकुमार सिंह,बनारसी सिंह,सहित प्रशिक्षार्थी शिक्षक/शिक्षिकाए उपस्थित थे।

---

# जिला शिक्षा अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों को एक स्कूल से दूसरे स्कूल में काम करने का आदेश जारी किया फरमान को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भारत भास्कर से राधेश्याम कोरी की खास रिपोर्ट/ बिलासपुरः-** छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ बिलासपुर के पदाधिकारी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर संजय झा बिलासपुर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जिसमें बिलासपुर के कोटा मस्तूरी बिल्हा तखतपुर हजारों कर्मचारी को संभाग के अन्य जिला जांजगीर चांपा कोरबा रायगढ़ मुंगेली में 2490 मानदेय प्राप्त हो रहा है ।परंतु बिलासपुर जिला में चार रविवार को काटने से ?2100 मानदेय प्राप्त हो रहा है ।जिसको लिखित आवेदन देकर माननीय कलेक्टर महोदय को संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उक्त संबंध में अवगत कराया जिसको कलेक्टर महोदय के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर को इस समस्या का शीघ्र ही निराकरण करने की बात कही दूसरा समस्या राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन अभियान आरएमएस संचालित विद्यालयों में सफाई व्यवस्था के नाम पर पदस्थ सफाई कर्मचारियों को दूसरे स्कूलों के कर्मचारियों को कार्य करने हेतु ।आदेशित जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर द्वारा आदेशित किया गए हैं ।उसे संबंध में भी ज्ञापन सौंपा गया




जिसमें संघ के प्रतिनिधिमंडल ने इन समस्या अवगत कराया की पहले से सफाई कर्मचारी अपने ही संस्था में कार्य करते समय व्यतीत हो जाता है । वही दूसरे विद्यालयों में कार्य नहीं कर पाएंगे इस संबंध में नया भर्ती हेतु ज्ञापन सौंपा गया एवं संचालक लोक शिक्षण संचनालय रायपुर द्वारा इस संबंध में कहीं भी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान आरएमएस संचालित विद्यालय में कार्य करने हेतु आदेशित नहीं की गई है इस संबंध में लोक शिक्षण संचनालय रायपुर को भी ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम है। वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मार्च बजट 2023 में ?300 मार्च में की गई एवं 15 अगस्त 2023 को माननीय मुख्यमंत्री के उद्बोधन में 500की वृद्धि की गई है वह श्रम सम्मान निधि के अंतर्गत श्रमिक को मानदेय देने के लिए था। लेकिन अभी तक आदेशित नहीं किया गया है। इसलिए संघ के प्रतिनिधिमंडल इस संबंध में माननीय कलेक्टर महोदय को ज्ञापन दिए हैं। ज्ञापन देने में उक्त साथीगण उपस्थित रहे जिसमें प्रांत अध्यक्ष संतोष खांडेकर, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ,जिला अध्यक्ष संतोष नवरंग, महिला ललिता आनंद ओम प्रकाश साहू, धर्मेंद्र पात्रे, अनूप, बबलू, रामेश्वर श्रीवास, कर्मचारी सहीत सैकड़ो में उपस्थित थे।

# पांडेय जी और जी 20 के बहाने



व्यंग्य

लालित्य ललित

जब से पता चला कि देश की राजधानी दिल्ली में एक बैठक होने वाली है,जिसमें दूर पास के राजनेता आवश्यक बैठक में भागीदारी के लिए आने वाले है।सुनकर पांडेय जी के एक सहयोगी दयाल बाबू ने कहा कि हमारी भी इच्छा है कि हम भी धौला कुंआ के पास जा कर खड़े हो जाएं और अपनी आंखों से गाड़ियों के काफिले को निहार ले। पांडेय जी ने कहा कि सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की है कि सड़क पर जोकि महत्वपूर्ण सड़कें घोषित की गई है,वहां से निकलना नामुमकिन है यानी सड़कों पर आना आम जनता के लिए प्रतिबंधित है।

सुनकर दयाल बाबू ऐसे मुरझा गए जैसे उनके इलाके की बिजली गुल हो गई हो।

तभी लल्लू भईया ने कहा मीठा है,नमकीन है,देखो न!

पांडेय जी ने कहा कि रख गए थे क्या! जब देखो मिट्ठा है नमकीन हैं!

कमाल करते हैं,कभी खुद भी कोई पैकेट यहां सप्रेम भेंट कर जाया करो,आई बात समझ में!

लल्लू भईया ने भाषण सुना और मन मसोस कर निकल लिए,जैसे जी20 का काफिला सर्र से निकल गया,हॉर्न बजाता हुआ।

अब बात करते हैं पांडेय जी के घर की,रामप्यारी ने सोच लिया था जब से घर बनाया है तब से वाइट वाश नहीं कराया था,रामप्यारी ने घर का ठेका भी सफेदी का किया था रुपए पचास हजार में।बेचारे पांडेय जी नौकरी पेशा वाले आदमी,क्या करते! क्या नहीं,बैंक से कुछ पैसे निकाले।और सोचने लगे कि ये भी बड़ा काम है।

घर आए तो देखा घर गहरी नींद में सोया हुआ था,यह हर घर की निशानी है,बेचारे पाण्डेय जी ने आते ही चाय बनाई और रस के अनुसंधान में जब कोई सफलता नहीं मिली तो बिस्कुट का एक पैकेट लिया और डुबो डुबो कर खाने लगे।उनका कहना है कि यह जो आनंद है उसका सुख बड़ा निराला है।तभी एक वाट साप ग्रुप पर संदेश देखने को मिला कि राधेलाल अगले साल की शुरुआत में अपनी रजत जयंती मनाने के लिए व्याकुल हो जाएंगे,मतलब योग्य हो जाएंगे,ऐसा मान लेना चाहिए।

पांडेय जी ने सोचा कि रचनाकारों को यह भी देखना चाहिए कि यह जो सुख है वह आसानी से नहीं मिलता,उसके लिए खर्चा करना पड़ता है और यह सुख वाकई बेहद विरल है,जो यह सुख लेना सीख गया,वह प्रेरक की भूमिका में आ जाता है।

अंदर की बात जो अंतर्मन ने कही कि पैसा का सुख जो है वह आसानी से अच्छे अच्छे दिमागों को काबू में करने के लिए झूठ सच का इस्तेमाल कर लेता है।

पांडेय जी ने महसूस किया कि जो मौसम सर्दी का होता है,वह सबसे बेहतर होता है,उसमें खाने का सुख,पीने का सुख भी अत्यंत आह्लादकारी होता है,मन में सुंदर सपने तैरते है और जीने की नित नित परिभाषाओं का सृजन होता है,अब इसको ऐसे समझ लीजिए कि जीने का ढंग बदल जाता है और मन में सुंदर सपने आपको बेहद प्रिय लगने लगते है,मानो तो सब सुंदर अन्यथा कूड़े का ढेर।

आज तो हद तब हो गई जब पांडेय जी अपना प्राचीनकाल का जूता ठीक कराने के लिए मोची के पास ले गए।

वहां कुछ लोग जमा थे,वे पांडेय जी का विचार जानना चाहते थे, पांडेय जी ने उनकी मंशा समझ कर इतना भर कहा कि जो भी सरकार आएं वह युवाओं के लिए रोजगार,स्वास्थ्य,शिक्षा और कल्याणकारी योजनाएं लेकर आएं और उसे अमलीजामा भी पहनाएं,यह नहीं कि केवल खोखले वायदे कर मुकर जाएं। जनता अब सजग हो चुकी है,वह किसी नेताओं के खोखले वायदों में आने वाली नहीं है,समझ रहे हो न! कुछ और लोग भी तमाशे के हिस्सा होने को बेताब थे।

पाण्डे जी की बातों पर दो लोगों का समर्थन मिला और तीन लोगों ने मुंह बनाया,क्या पता उनका मुंह ऐसा हो! कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

तभी रामप्यारी ने आवाज लगाई चीकू टेलीविजन बंद करो,मंडे से परीक्षा है,और तुम सीरियस ही नहीं हो,ऐसा नहीं चलेगा!

तभी दीदी ने आकर कहा पकौड़े तलना बेटा।तल लेंगे बहना,अगर किस्मत में यही लिखा होगा तो!

तभी पांडेय जी ने कहा आजकल कोई भी काम करना मुश्किल नहीं रहा।

जब नौकरी नहीं मिलती तो बहुत सारे युवाओं ने आजीविका चलाने के लिए गोलगप्पे,चाय पकौड़े,खाने के स्टाल प्लान कर लिए है,एमबी ए पास लड़कियों ने भी आगे बढ़कर काम को अपनाया है,उनका कहना है कि अगर वेकेंसी नहीं है तो घर कैसे चलेगा!

पांडेय जी सोचने लगे हमारे सामने वाकई बड़ा पेचीदा सवाल है,जिससे हर हाल में हमें इसका न्याय संगत उपाय खोजना होगा,जरूरी नहीं कि इसमें सफलता तत्काल ही मिलें,कभी देर भी लग सकती है,लेकिन हमें निराशा से हार नहीं माननी चाहिए।

पांडेय जी यह भी सोचने लगे कि आने वाला समय क्या पता इससे भी ज्यादा खराब हो!

हे ईश्वर तू ही सबका रक्षक है,संभाल लेना।

पांडेय जी की आंख खुली,तैयार हुए।उन्हें लगता है कि सुबह की सैर ऐसे लगती है जैसे वे अपनी भूली बिसरी प्रेमिका से मिलने को व्याकुल हो और वह भी उतनी आकुल है,यह प्रेम भी गजब का है,जब होता है तो किसी को भी तो लगता है बेशक समय बद्ध वाली मैट्रो चली भी जाएगी तो किसी और में चले जाएंगे।यह जो इश्क होता है न!

उसमें अनगिनत वाले प्रेरक तत्व होते हैं जो गाहे बगाहे आपको उकसाते रहते है,ऐसे ही लीजिए राधेलाल बैठे हुए हैं मुंबई में,सपनों की नगरी में,उनका मानना है कि कहीं भी रहो आगे के प्रोग्राम प्लान करते रहो,और यह उलहाना वे विलायती राम पांडेय पर टाल दिया करते है,है न गजब की बात।

तो पांडेय जी ने भी एक पंक्ति में जवाब दे दिया,अभी मुंबई में है,दिल्ली आने पर बात होगी।

पांडेय जी का मानना है कि जो भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बैठेकें की जाती है,वह देश की बेहतरी के लिए की जाती है, पांडेय भी एक सामाजिक व्यक्ति है,भले ही इकाई के स्तर पर उनका सोचना सही भी हो,पर सामने वाले पर कोई असर नहीं होगा,यह उनका मानना है,अब सोचिए जब व्यापक स्तर पर कोई काम होता है तो उसे नकारात्मक तरीके से देखने वालों की संख्या में भी खासा इजाफा है,ऐसे लगता है कि संसार में ऐसे बुद्धिजीवियों की संख्या भी काफी है जो सही को ठीक और ठीक को करने के लिए प्रतिबद्ध है,अंतर्मन कुमार ने कहा जाने दीजिए, पांडेय जी।यह सोचिए कि सोमवार को अपना चेकअप कराना है,यदि सेहत सही रही तो आगे चल पाएंगे अन्यथा सफर में विराम कभी भी लग सकता है।

बहरहाल पांडेय जी सुबह सैर पर निकले तो आज उन्होंने निकलते वक्त यह सोच लिया था कि आज हनुमान चालीसा का पाठ मन में करेंगे मोबाइल को कष्ट नहीं देंगे।नित नियम के पक्के पांडेय जी निकल पड़े।रास्ते में राम राम जी का उच्चार होता रहा,मौसम भी बेहतरीन था, वरना सड़ी गर्मी ने हालत का मुरब्बा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थीं।

सामने से साहनी साहब दिखाई दिए तो दुआ सलाम के बाद पांडेय जी के कदम आगे बढ़ गए,सुबह वे अपने समय से बढ़ते थे,जो उनका नियम है,हालांकि उनका मानना है कि जीवन को महसूस करने के लिए यात्राओं का बहुत बड़ा हाथ होता है,लेकिन रामप्यारी ने घर में सफेदी का काम युद्ध स्तर पर छीड़वा लिया था,अब पांडेय जी क्या करते...

वैसे भी हर पति की हालत धोबी के गधे की तरह होती है न घर का और न घाट का! पांडेय जी आजकल शांत रहते है वैसे भी एक उम्र के बाद आदमी चुप ही हो जाता है, उनका मानना है कि चुप हुए व्यक्ति की हालत वैसी होती है वह अपने मित्रों का सहचार्य पा कर खुश हो जाता है और उनकी अनुपस्थिति में वह सायलेंट जॉन में आ जाता है।

पांडेय जी भी अपने बड़े दिव्य संतोषी वाले जीव है,खाने पीने से खुश हो जाते है,यही नियम भी होना चाहिए।

सुबह का अखबार सामने है। कनाट प्लेस की फोटो है,एक नौजवान सामने है,सायकिल खड़ी है,उसके नीचे केपश्न है खाली सड़क हो माने कोरोना पीरियड को याद दिला रही हो।

पीरियड तो हमारे जमाने में होता था,क्या मास्टर जी थे उन्हें हर लड़का नालायक दिखता था और वे मानो बुद्धिमान। हर पिट रहे लड़के में मास्टर जी को तस्वीर अंकित होती जा रही थीं कि कब मौका मिले और इन्हें ज्यादा विद्वान बनाया जाएं और किसी को भी पता न चले।

वैसे भी सोचिए यदि कोई शिक्षक किसी विद्यार्थी को जबरन मारता है पीटता है तो वह क्या सोचेगा! वह यही सोचेगा कि मास्टर जी कृपया कर बाहर निकलिए और आज घर पहुंच कर दिखाएं।मास्टर जी घबरा जाते थे कि किस शैतान से पंगा ले लिया। पांडेय जी भी यह स्नेहभरी धमकी मास्टर जी को दे चुके थे और मास्टर जी छुट्टी के तीन घंटे तक बाहर नहीं निकले थे।

ऐसा क्या करना और क्या नहीं करना।सोचने की बात है और सोच कहीं भी आ सकती है।समझ रहे है न!

समझा किया करो,आई बात समझ में।

सभी देशों के निमंत्रित अपने देशों की ओर प्रस्थान कर गए।शहर वाले खुश।बाजार वाले परेशान,जिनके बाजार बंद हुए।सरकारी प्रतिनिधियों ने राहत की सांस ली।

रामप्यारी ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा, पांडेय जी बधाई हो,सफेदी हो गई।निकालो कुछ पैसे,ताकि शापिंग हो जाएं।

पांडेय जी सोचने लगे कि भगवान ने जरूर कोई चाल चली है कि पैसे वालों को सुंदर और सुशील पत्नियां दी है ताकि वे समय समय पर उनसे खर्चा करवा सकें और घर को घर बना सकें।बेचारे पति लोग क्या करें! कोई नहीं सुनता उनकी।

तभी पांडेय जी अचानक से क्रियेटिव हो गए:

किसी दूसरे के नजरिए से भी देखने की कोशिश करें / लालित्य ललित

सुनो<br>
कभी भी एकतरफा निर्णय लेने की कोशिश न कीजिए<br>
दूसरे को भी<br>
सुनने का प्रयास कीजिए<br>
आखिर वह कहना क्या चाहता है<br>
सोचिए अगर वह ठीक हुआ<br>
और उसको आपने सही से सुना ही नहीं<br>
तब क्या होगा<br>
सारी उम्र भर पछतावा<br>
ऐसा न कीजिए<br>
कोई गलती किसी वा भविष्य चौपट कर सकती है<br>
आप भी मनुष्य है<br>
कोई भगवान नहीं<br>
जो भी न्याय होगा<br>
अच्छा या बुरा<br>
उसका फल भी आपको मिलेगा और इसी उम्र में<br>
यह सोच लीजिए<br>
ज्यादा धन की चाहत क्यों<br>
किस लिए!<br>
परिवार के लिए<br>
एक बात सुनिए<br>
यदि बच्चे काबिल हुए तो आप का साम्राज्य फिर से खड़ा पर देंगे<br>
और यदि नाकाबिल हुए तो बने बनाए जहाज को डूबा देंगे<br>
यही हकीकत है आज़ की<br>
सोच लीजिए<br>
अपने को थकाना है या अपने को आनंद के सागर से परिचय कराना है<br>
कहते है मनुष्य को बहुत वर्षों बाद मनुष्य का शरीर मिलता है<br>
इसलिए जो आज अच्छा कर जाएंगे<br>
कल आपको लौट कर अवश्य मिलेगा<br>
ईश्वर किसी का अपने पास कुछ भी नहीं रखता<br>
यदि आपने किसी को सगन इक्कीस सौ रुपए दिए<br>
देखिए उससे ज्यादा का लिफाफा उसको देने के लिए ईश्वर ने भूमिका बना दी है<br>
एक और बात बाबू मोशाय<br>
आप हम महज कागज की कठपुतली है<br>
जिसका काम है नाचना<br>
इसलिए हर पल, हर क्षण का सुख लीजिए<br>
यह मान कर चलिए कि ईश्वर की यही मर्जी है और<br>
यही इच्छा है<br>
हरि ?<br>
सबका भला हो<br>
हरि ?।

पांडेय जी मौसम में हुए परिवर्तन से बेहद खुश थे,परिवर्तन किसी का भी हो,उसके संकेत बड़े मधुर होते है,ऐसा परिवर्तन पांडे जी कई दिनों से सोच रहे है कि जी ट्वेंटी की बैठक खत्म हो और वे किसी दिन धमाचौकड़ी के साथ गाजियाबाद निकल जाएं

सइयां जी की कचौड़ी खाने! क्या बनाता है!

बनाते हुए लोग,गुल खिलाते हुए लोग,वाकई अद्भुत क्षमता वाले होते है,जो कभी भी किसी के हाथ में कटोरा दे भी सकते है और उसका निवाला भी छीन सकते है,भले ही आप विचार मंथन कर रेगमार लगाएं,अपन को कोई फर्क नहीं पड़ता।

ओ भइया जी,दो पूड़ी और हां जरा रायता भी देना।स्वादिष्ट है,सुबह की यात्रा का यह भी एक अविस्मरणीय स्वाद है जिसके लिए आज की यात्रा सफल रहीं।वैसे मन में कुछ भी नहीं रखना। चाहिए,अब वह प्रेम हो,नफरत हो या कुछ और।जो है वह कह दो,कहने से मन हल्का होता है और दूसरे को भी अपनी औकात का पता चलता है,समझ रहे हो न!

अब ज्यादा रामखेलावन नहीं बनने का,नहीं तो कोई लपकुराम राधेलाल बना देगा,जमाना परिवर्तन का है,कौन जाने कहां का ठीकरा किस के सर फोड़ दें..

समझदार के लिए इशारा काफी है।

हां भैया जी पांच प्लेट पैक कर देना,और कितने पैसे हुए,बताना।पे टी एम कर देता हूं।

पांडेय जी ने एक विहंगम नजर डाली तो ऐसे लगा मानो पूरा शहर सुबह छह बजे सोते से ही नाश्ते पर आ गया हो! गजब की टाइमिंग और बड़े अलहदा किसिम के पेटू है लोग।बहरहाल इति कथा,कथा अनंता।

## संपादकीय

# मेजबान का फर्ज निभाया

जिस समूह का शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले एक साझा घोषणापत्र तैयार करने के लिए ही जद्दोजहद चल रही हो, उससे कितनी आशा रखी जा सकती है, यह खुद जाहिर है। इस जद्दोजहद में कामयाबी मिलने की संभावना भी न्यूनतम ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले इस समूह के सदस्य देशों से प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर आम सहमति बनाने की अपील कर मेजबान का फर्ज निभाया है। वरना, उनके इस विचार से आज की दुनिया में कम ही लोग सहमत होंगे कि दुनिया आज की खास समस्याओं के समाधान के लिए इस मंच की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। जिस समूह का शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले एक साझा घोषणापत्र तैयार करने के लिए ही जद्दोजहद चल रही हो, उससे कितनी आशा रखी जा सकती है, यह खुद जाहिर है। इस जद्दोजहद में कामयाबी मिलने की संभावना भी न्यूनतम ही है। पश्चिमी देश अड़े हुए हैं कि घोषणापत्र में यूक्रेन पर हमले के लिए रूस की निंदा जरूर होनी चाहिए। रूस और चीन इस पर राजी होंगे, यह सोचना भी कठिन है। दूसरी तरफ खबर है कि भारत घोषणापत्र में वसुधैव कुटम्बकम का उल्लेख करना चाहता है, जिस पर चीन सहित कई देशों ने एतराज जताया है। बारीक कूटनीति से इस आपत्ति को दूर करने में सफलता मिल सकती है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर सहमति बनना असंभव है। बहरहाल, ये मतभेद तात्कालिक समस्याओं से पैदा हुए हैं। लेकिन जी-20 की मुख्य समस्या इसके अस्तित्व का संदर्भ बदल जाना है। इस समूह को भूमंडलीकरण का मिल-जुल कर प्रबंधन करने के लिए बनाया गया था। अब भूमंडलीकरण की प्रक्रिया ही उलटी दिशा में चल पड़ी है। इस परिघटना की जड़ में पश्चिमी खेमे और चीन-रूस के नेतृत्व में बन रहे खेमे के बीच खाई बढ़ते जाना है। इसके मद्देनजर जहां पश्चिमी देशों की निगाह में अपने समूह जी-7 का महत्त्व फिर से लौट आया है। दूसरी तरफ ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन जैसे मंचों के विकासशील देश अपने माफिक विश्व ढांचे को खड़ा करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की इच्छा के मुताबिक नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में जी-20 जलवायु परिवर्तन, ऋण संकट या विकास के बड़े सवालों पर कोई आम सहमति बना पाएगा, इसकी संभावना कम है। इसीलिए इस सम्मेलन को ऐसा उत्सव समझा जा रहा है, जिसमें सार-तत्व का अभाव है।

# चिली का वह 9/11 ज्यादा जघन्य था!

श्रुति व्यास

नई दुनिया के इतिहास में 11 सितम्बर एक अहम तारीख़ है।पर यह 2001 का9/11 नहीं बल्कि आज से पचास साल पहले सन 1973 के 9/11 के दिन की बात हैं। ग्यारह सितंबर 1973 की सुबह लातिनी अमरीका के सबसे स्थिर लोकतंत्र, चिली में जनरल औगस्टो पिनोशे ने तख्तापलट किया। फिर उन्होने कोई 17 साल तक चिली पर राज किया। लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए समाजवादी राष्ट्रपति साल्वाडोर अलेंदे ने राजधानी सेंटियागो के बीचों-बीच स्थित राष्ट्रपति के महल लॉ मुनेदा में आत्महत्या की। दुनिया ने तब देखा था कि चिली की वायुसेना ने राष्ट्रपति भवन पर राकेटों से हमला किया। अलेंदे मौत को गले लगाकर लोकतंत्र की खातिर शहीद हो गए। वे पूरी दुनिया में वामपंथ के आइकॉन बने। इन दिनों चिली की जनता उस तख्तापलट की 50वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी में है। उसकी यादें लोगों के दिलों में आज भी ताजा हैं।इन दिनों गेब्रियल बोरिक, जो चिली के युवा वामपंथी राष्ट्रपति हैं, के रूप में देश को एक ऐसा राष्ट्रीय नेता मिला है जो अलेंदे के जबरदस्त प्रशंसक है। अपना कार्यभार संभालने के दिन ही उन्होंने इस दिवंगत नेता को राष्ट्रपति भवन के पिछवाड़े में स्थापित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने भाषण में उन्हें याद किया। गत सप्ताह उनकी सरकार ने उन 1,162 लोगों के शवों की खोज के एक नए अभियान की घोषणा की जो औगस्टो पिनोशे की तानाशाही के दौरान गायब हो गए थे और अभी तक उनके बारे में कुछ भी पता नहीं लगा है। पिनोशे ने तख्तापलट के बाद अपने विरोधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों को बंदी बनाकर उन्हें सेंटियागो के नेशनल स्टेडियम और अन्य अस्थायी जेलों में रखा। कोई 30,000 लोगों को यातनाएं दी गईं। और 2,200 से अधिक को मृत्युदंड सुनाया गया। इन गायब हुए लोगों के बारे में कोई भी सुबूत न मिल सके यह सुनिश्चित करने के लिए पिनोशे ने इनके शवों को कब्र से निकालकर समुद्र या ज्वालामुखी के मुहाने में फेंकने का आदेश दिया था। सन् 1973 में हुए तख्तापलट और उसके बाद के तानाशाही के दौर के बारे में बहुत सी बातें आज भी हमें पता नहीं हैं। पिनोशे और जुंटा सुबूत मिटाने में बहुत कुशल थी। अमेरिका भी उस दौर के बारे में सभी दस्तावेजों को सार्वजनिक करने में हिचकिचा रहा है। वे धीरे-धीरे किश्तों में सामने आ रहे हैं। लेकिन चिली के वर्तमान राष्ट्रपति 37 वर्षीय गेब्रियल बोरिक और अलेक्जेंडरिया ओकासियो-कोर्टेज जैसे अमेरिका के प्रगतिशील डेमोक्रेटों के दबाव मे हाल में अमरीका ने दो दस्तावेज सार्वजनिक किए हैं ङ्क तख्तापलट वाले दिन और उसके तीन दिन पहले राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को खुफ़िया एजेंसी द्वारा दी गई ब्रीफिंग। इन दस्तावेजों का निचोड़ यह है कि अमेरिका ने सत्ता पर कब्जा करने में सेना की मदद की थी। दरअसल अलेंदे के पापुलर यूनिटी एलायंस के नेता के तौर पर 4 सितंबर 1970 को चुनाव जीतने के बाद से ही व्हाईट हाऊस ने निक्सन के सलाहकार हैनरी किसिंजर की अगुवाई में उनसे छुटकारा पाने की साजिश रचना शुरू कर दी थी। सीआईए ने चुनाव के अगले माह अलेंदे के राष्ट्रपति पद संभालने के भी पहले, एक बगावत की योजना बनाई थी। सीआईए के जासूसों ने सत्ता-विरोधियों को हथियार और नकद मुहैया करवाई। सैन्य सरकार के लिए अमेरिरॉकी सरकार के समर्थन का आश्वासन भी दिया। हालांकि वह बगावत नहीं हो सकी, लेकिन निक्सन प्रशासन ने तख्तापलट के तुरंत बाद सैनिक जुंटा का साथ देना शुरू कर दिया। जब सदमे में अमेरिकी कूटनीतिज्ञों ने कत्लेआम की खबरें भेजीं तो किसिंजर ने अपने सहायकों से कहा "मेरा मानना है कि हमें अपनी नीति को समझना चाहिए ङ्क यह सरकार चाहे कितने भी गलत काम करे यह हमारे लिए अलेंदे से बेहतर है।पिनोशे को ब्रिटेन में सन् 1979 में चुनाव जीतने वाली मार्गरेट थैचर के रूप में एक और शक्तिशाली मित्र मिला। उन्होंने चिली को उधारी में सामान निर्यात करना शुरू किया और उसे हथियार बेचने पर लगी पाबंदी भी हटा दी। इंग्लैंड ने इस सरकार को जेट लड़ाकू विमान और उसके सैनिकों को प्रशिक्षण की सुविधाएं प्रदान कीं। इसका नतीजा यह हुआ कि पिनोशे की सरकार ने अर्जेंटीना, उरूग्वे, पेरागुए, बोलिविया और ब्राजील की सैन्य सरकारों के साथ मिलकर वामपंथियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं करनी शुरू कर दीं। हत्याकांडों की इस श्रृंखला को ऑपरेशन कोंडोर का नाम दिया गया। इस ऑपरेशन की अमेरिका के फोर्ड, कार्टर, और रीगन प्रशासन ने प्रशिक्षण और सैन्य सहायता के रूप में मदद की और उसे कम्युनिज्म के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा बताया। इस तख्तापलट ने पूरी दुनिया में लंबे समय तक प्रभाव छोड़ा। विशेषकर इसकी दिल दहला देने वाली क्रूरता के कारण। आज भी चिली की जनता तख्तापलट और अलेंदे को लेकर बंटी हुई है। हाल में मोरी द्वारा की गई रायशुमारी में पाया गया कि इसमें भाग लेने वालों में से केवल 42 प्रतिशत यह मानते हैं कि तख्तापलट से लोकतंत्र ख़त्म हुआ और केवल 36 प्रतिशत का यह विचार है कि इससे चिली को मार्क्सवाद से छुटकारा मिला। वाशिंगटन के राष्ट्रीय सुरक्षा संग्रहालय के वरिष्ठ विश्लेषक पीटर कोर्न्ब्लुह, जिन्होंने अमरीकी सरकार पर तख्तापलट संबंधी दस्तावेज सार्वजनिक करने के लिए चलाए गए अभियान का नेतृत्व किया और चेतावनी दी कि अति-दक्षिणपंथ के उभार के साथ पिनोशे के दौर में हुए अत्याचारों को नकारने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसमें कोई शक नहीं कि चिली में हुए तख्तापलट के सबक आज की दुनिया के लिए भी प्रासंगिक है क्योंकि उसने पूरी दुनिया की बहुत सी उम्मीदों और सपनों पर पानी फेरा था।

# सनातन विरोध की राजनीति के लिए देश तैयार नहीं

अजीत द्विवेदी

तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए बयान के विरोध का दायरा बढ़ रहा है। हालांकि अभी तक इसे सिर्फ धर्म के एकांगी दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। लेकिन असल में इसे धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक तीनों संदर्भों में देखने की जरूरत है। बुनियादी रूप से उदयनिधि का बयान एक राजनीतिक बयान है, जिसकी जड़ें तमिलनाडु की द्रविड राजनीति में अंतर्निहित हैं, जहां समाज व्यापक रूप से ईवी रामास्वामी नायकर पेरियार और उनसे भी पहले के दार्शनिक रामालिंगा स्वामीगल उर्फ वल्लालार के विचारों से प्रभावित है। वल्लालार केरल के महान समाज सुधारक नारायण गुरू के समकालीन थे। दोनों उस समय में थे, जब लगभग समूचे दक्षिण भारत में समाज सुधार के छोटे छोटे आंदोलन चल रहे थे। दोनों ने जाति प्रथा, पितृसत्तात्मक समाज और सनातन धर्म की कई परंपराओं का विरोध किया और तर्क आधारित विचार पद्धति का समर्थन किया। उनका दर्शन बाद के समय में राजनीतिक आंदोलनों का आधार बना।

उदयनिधि उस विचार के साथ बड़े हुए हैं। उन्होंने अपने दादा और अपने पिता को वही राजनीति करते देखा है इसलिए वे उसी राजनीतिक विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। सो, अगर द्रविड राजनीति के नजरिए से देखें तो उन्होंने एक मास्टरस्ट्रोक चला है, जिसका फायदा उनकी पार्टी को हो सकता है। लेकिन सवाल है कि क्या पूरा देश इस राजनीति के लिए तैयार है? यह सवाल इसलिए जरूरी है क्योंकि उदयनिधि के बयान पर तमिलनाडु में कोई हंगामा नहीं हो रहा है। वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्ना डीएमके इसका विरोध नहीं कर रही है। वहां की एक दर्जन छोटी पार्टियां हैं, जिनमें से कई भाजपा के साथ हैं लेकिन किसी ने इसके विरोध में एक बयान जारी नहीं किया है। इसका कारण यह है कि तमिलनाडु में सनातन विरोध की पुरानी परंपरा रही है। परंतु पूरा देश अभी इस राजनीति के लिए तैयार नहीं है। देश के अलग अलग हिस्सों में अलग अलग तरह से इस राजनीति को आजमाने का प्रयास हो रहा है लेकिन अभी उसमें बड़ी कामयाबी नहीं हासिल हुई है।

इस बात को समझने के लिए पिछले एक साल में देश के अलग अलग राज्यों में शुरू हुए राजनीतिक विमर्श को देखने और समझने की जरूरत है। इस साल अप्रैल में कर्नाटक में कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंग दल पर पाबंदी लगाने की बात कही और भाजपा ने बजरंग दल को ही बजरंग बली बताते हुए कांग्रेस पर हमला शुरू किया। उसी समय बिहार में राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने 'रामचरितमानस' का विरोध शुरू किया। मानस में पिछड़ी व दलित जातियों व स्त्रियों को लेकर जो कुछ लिखा गया है चंद्रशेखर ने उसका विरोध किया। ठीक उसी समय उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य ने तुलसीदास और उनकी रचना 'रामचरितमानस' के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने इसे बदलने और इसमें महिलाओं, दलितों, पिछड़ों के लिए कही गई बातों को मिटाने की बात कही। चंद्रशेखर और स्वामी प्रसाद मौर्य को अपनी पार्टियों का खुला समर्थन नहीं मिला लेकिन उनका विरोध भी नहीं हुआ और न पार्टी के स्तर पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई हुई। अब उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर जो कहा है वह चंद्रशेखर और स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से जुड़ता है और उसका ही विस्तार प्रतीत होता है।

इनकी बातों को और गहराई से समझने के लिए यह जानना होगा कि सनातन का क्या मतलब है? सनातन का अर्थ है- सदा से। यानी जो चीज हमेशा रही है और हमेशा रहेगी, जो अजर-अमर है वह सनातन है- जैसे आत्मा। सनातन धर्म में आत्मा को अजर-अमर माना गया है और पुनर्जन्म को स्वीकार किया गया है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि बौद्ध और जैन धर्म भी अपने को सनातन मानते हैं और आत्मा व पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं। अब दूसरा सवाल यह है कि क्या सनातन और हिंदू एक ही हैं? कई विद्वानों ने इस सवाल का अपनी अपनी तरह से जवाब दिया है लेकिन सबसे सरल जवाब यह है कि व्यापक हिंदू समाज में सनातन एक हिस्सा है, जो उन तमाम परंपराओं और मान्यताओं में विश्वास करता है, जिन्हें आधुनिक समय की प्रवृत्तियों या आधुनिक समाज व्यवस्था में बुरा या अमानवीय माना जाता है। असल में 19वीं सदी में जब देश के अलग अलग हिस्सों में समाज सुधार के प्रयास शुरू हुए और स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, जाति उन्मूलन आदि बातें जोर पकड़ने लगीं तो हिंदुओं के अंदर एक समूह ने इसका विरोध किया। वे जाति प्रथा और पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था को बनाए रखने के पक्ष में थे। वे शुद्धता में विश्वास करते थे, जिसके लिए शाकाहार आवश्यक था। उन्होंने अपने को सनातन कहना शुरू किया। ध्यान रहे सनातन शब्द का इस्तेमाल भगवद्गीता में है लेकिन वेदों में इसका जिक्र नहीं मिलता है। बहरहाल, इसके थोड़े समय बाद यह धारणा भी जोर पकड़ने लगी कि हिंदू कहना भारत की अभिव्यक्ति नहीं है। बाहर से आए लोगों ने इस शब्द का इस्तेमाल किया इसलिए इसकी बजाय सनातन शब्द का इस्तेमाल किया जाए। लेकिन हकीकत यह है कि सनातन एक खास अर्थ में रूढ़ हो चुका शब्द है, जिसका विरोध उदयनिधि ने किया है या बिहार में चंद्रशेखर ने किया था या उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य कर रहे हैं। इसका व्यापक हिंदू समाज या धर्म से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है।

इसके बावजूद यह कहने में हिचक नहीं है कि धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर देश अभी सनातन के खिलाफ बहुत आक्रामक हमला स्वीकार करने को तैयार नहीं है। ध्यान रहे किसी भी विचार की सफलता तभी संभव है, जब व्यापक समाज उसे स्वीकार करने को तैयार हो। पुरानी कहावत है कि उस विचार को सफल होने से नहीं रोका जा सकता है, जिसका समय आ चुका हो। लेकिन समय से पहले अगर उस विचार को स्वीकार कराने के लिए जोर डाला जाएगा तो नुकसान हो सकता है। तमिलनाडु में समाज सुधार आंदोलनों को सफल होने में बहुत लंबा समय लगा है, जबकि उत्तर भारत में तो अभी इसकी शुरुआत हुई है। मंडल की राजनीति को इसका प्रस्थान बिंदु मान सकते हैं। लेकिन सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं में दाखिलों के अलावा विचार के स्तर पर मंडल की राजनीति आगे नहीं बढ़ी। उत्तर प्रदेश में कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी को एक आंदोलन के तौर पर शुरू किया था। अगर वे अड़े रहते तो शायद यह समय पहले आया होता। लेकिन सत्ता के लिए उनकी पार्टी ने पहले 'तिलक, तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार' के नारे लगाए और उसके बाद 'हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु महेश है' कहना शुरू कर दिया।

सो, करीब तीन दशक तक मंडल और दलित आंदोलन दोनों सत्ता की राजनीति में अटके रहे। अब धीरे धीरे उसके आगे बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है। अपने अधिकार और अपनी गरिमा के लिए उन्होंने वैचारिक संघर्ष की जमीन तैयार करनी शुरू की है, जिसका प्रस्थान बिंदु 'रामचरितमानस' का विरोध है। यह अभी बिल्कुल शुरुआती स्थिति में है और उत्तर भारत या समूचे हिंदी पट्टी का पिछड़ा, दलित, आदिवासी इसके गूढ़-गंभीर पहलुओं को समझने के लिए तैयार नहीं है। वह देख रहा है, हो सकता है कि उसको अच्छा भी लग रहा हो लेकिन वह इसका हिस्सा नहीं बन रहा है। चूंकि उदयनिधि की पार्टी विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है और उनके पिता एमके स्टालिन हर जगह 'इंडिया' की बैठक में प्रमुखता से मौजूद रहते हैं। इसलिए उदयनिधि का बयान देश के बड़े हिस्से में विपक्ष को नुकसान पहुंचा सकता है।

## सार-समाचार

### फर्जी मोबाइल नंबरों से आए एसएमएम से बिजली उपभोक्ता सावधान रहें

**दुर्ग/बालोद/बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के संज्ञान में आया है कि उपभोक्ताओं के मोबाइल पर फेक एसएमएस भेजे जा रहे हैं, जिसमें बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने का संदेश लिखा होता है तथा 10 अंकों का फर्जी मोबाइल नंबर से संपर्क करने कहा जाता है। इस नंबर पर फोन करने पर साइबर ठग बिजली कनेक्शन कटने का झांसा देते हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिए हो रही साइबर ठगी से सावधान रहने को कहा है। कंपनी कभी भी अपने उपभोक्ताओं को 10 अकों के मोबाइल नंबर से कोई मैसेज नहीं भेजती है और न ही 10 अंकों के मोबाइल नंबर पर किसी तरह के भुगतान स्वीकार किया जाता है। पॉवर कंपनी ना ही कभी भी किसी लिंक को क्लिक करने के लिए कहती है और ना ही 'मोर बिजली ऐप' के अलावा किसी ऐप को डाउनलोड करने या उपयोग करने को कहती है। साइबर ठग उपभोक्ता नंबर के बजाय उपभोक्ता का मोबाइल नंबर मांगते हैं और भुगतान संबंधी जानकारी देने की बात कहते हैं। साथ ही ये प्ले स्टोर में जाकर किसी एप को डाउनलोड करने कहते हैं, जिससे उपभोक्ता धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि बिजली संबंधी सभी भुगतान विद्युत वितरण कंपनी के काउंटरों, एटीपी सेंटरों, मोर बिजली ऐप, कंपनी की वेबसाइट cspc.co.in अथवा CSC या Pay Point के अधिकृत आउटलेट्स पर ही करें। इनके अलावा किसी दूसरे माध्यम से किसी भी तरह की राशि का भुगतान न करें। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को सूचनार्थ भेजे जाने वाले अधिकृत एसएमएस हमेशा CSPDCL सेन्डर आई डी के साथ भेजे जाते हैं। इसके अलावा कंपनी ने अपने सभी उपभोक्ताओं को ऐसे किसी भी अनाधिकृत एस. एम. एस. को नज़र अंदाज़ करने की सलाह दी है।

### पशुपालक अपने मवेशी को सड़क पर खुला न छोड़े - आयुक्त

**भिलाई।** निगम क्षेत्र के पशुपालकों के पशुओं का टेगिंग एक माह के भीतर किया जायेगा, बिना टेगिंग के मवेशी पाये जाने पर जप्ति की कार्यवाही की जावेगी। मवेशियों को सड़क पर आवारा न छोड़े इससे होने वाले वाहन दुर्घटना से जन हानि और पशुधन की हानि होती है। आयुक्त रोहित व्यास ने निगम सभागार में आहुत पशुपालको की बैठक में कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर रोका छेका संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी पशुपालाकों की बैठक बुलाकर यह सुनिश्चित करने कहा है कि कोई भी पशुपालक अपने मवेशी को सड़क पर नहीं छोड़े आप सब अपने पशुओं को चरवाहा के साथ सड़क के किनारे किनारे चराने के लिए ले जाये। पशु सड़क पर रहने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होने कहा कि शहर के सभी पशुपालको को अपने मवेशी का एनिमल टेगिंग करवाना अनिवार्य है। इसके लिए पशुपालन विभाग आपके खटाल में जाकर पशु मालिक की उपस्थिति में टेगिंग करेगा और आपके नाम पर पशु को पंजीकृत करेगा। जो पूर्णतः निःशुल्क होगा, इस कार्य में आपका सहयोग आवश्यक है। एक माह में सम्पूर्ण निगम क्षेत्र के खटाल मालिकों के मवेशियों का टेगिंग तथा पंजीयन होने के बाद जो जानवर बिना टेगिंग के सड़क पर पाया जायेगा, उसे आवारा मवेशी जानकर निगम जप्त करेगा। व्यास ने कहा कि निगम द्वारा सड़क पर घूमने वाले तथा झुण्ड बनाकर बैठे मवेशियों को पकड़कर गौठान में रखा जा रहा है। एनिमल टेगिंग की शुरूवात गौठान में रखे गये 800 से अधिक गाय, बैल, सांड से किया जायेगा। उन्होने कहा कि यदाकदा यह शिकायत मिलता है कि निगम द्वारा चलाये जा रहे रोका छेका संकल्प अभियान में लगे कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है जो उचित नहीं है, ऐसी शिकायत पर निगम शासकीय कार्य में बाधा के तहत एफआई.आर. दर्ज करवाया जायेगा। खटाल संचालक अजय यादव, भूपेन्द्र यादव, मनोहर सिंग यादव एवं ज्योति शरण शर्मा द्वारा पूछे गये प्रश्नों का सार्थक जवाब भी उन्हे दिया गया। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने पशुपालकों से कहा कि जिनको गोकुल नगर में खटाल के एवज में भूमि आबंटित किया गया है तत्काल अपना खटाल घनी आबादी क्षेत्र में बंद कर गोकुल नगर में संचालित करे। उन्होने निगम के राजस्व एवं स्वास्थ्य अमले से कहा कि पुनः सर्वेक्षण कर पता लगाये कि कितने खटाल संचालक गोकुल नगर में आबंटन के बाद भी घनी बस्ती में अभी भी खटाल संचालित कर रहे है।

### रीपा केन्द्रों में उत्पादित उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी को लोगों ने काफी सराहा

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल विगत शिक्षक दिवस के अवसर पर संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय मर्रा पाटन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में जिले के रीपा केन्द्रों में निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस दौरान 10 रीपा केन्द्रों से उत्पादित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसमें फुण्डा का कंप्रेस्ड ऑयल, कुर्मीगुण्डरा का मिलेट्स उत्पाद, सांकरा का हर्बल गुलाल, असोगा का पॉवरलूम कपड़े, अंजोरा का पेंट जार, कातरों का स्टेशनरी, ढाबा का गारमेंटस, दानिकोकड़ी का फ्लाई ऐश ब्रिक्स, पुरदा का बनाना चिप्स, मोहंदी का एलईडी बल्ब और ट्यूबलाईट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसको आमजनता ने काफी सराहा।

# प्रदेश में फिर कांग्रेस सरकार बनाने हेतु सभी कांग्रेसियों ने लिया संकल्प



**चिरमिरी** --विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन डोमनहिल फुटबॉल ग्राउंड में किया गया कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अतिथियों का लंबे समय तक इंतजार करते रहे बताया गया की मौसम खराब होने की वजह से प्रदेश स्तर के नेता संकल्प शिविर में उपस्थित होने में असमर्थ रहे प्रदेश स्तर के नेताओं द्वारा बुथ स्तरीय सेक्टर स्तरीय एवं जोन स्तरीय कार्यकर्ताओं को संकल्प शिविर में पार्टी के मजबूती हेतु संकल्प दिलाना था अंततः विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं संसदीय सचिव गुलाब कमरो ने कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार के भ्रष्टाचार एवं जन विरोधी नीतियों के विपरीत कांग्रेस के उपलब्धियां को जन-जन पहुचाने एवं पार्टी हित में कार्य करने का शपथ दिलाया

बता दें कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी महासचिव एआईसीसी,कुमारी सैलजा , उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महत , जिला प्रभारी मंत्री मोहन मरकाम.सचिव एआईसीसी,राजेश तिवारी, सांसद कोरबा लोकसभा ज्योत्सना महंत अतिथिगण शामिल होने थे लेकिन मौसम विभाग की रुकावट के कारण निर्धारित अतिथियों की अनुपस्तिथि में भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों ने कार्यक्रम की कमाल सभालते हुए एक दिवसीय शिविर के मुख्य अतिथि बन कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया और उपस्थित सभी बूथ,सेक्टर एवं जोन के पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की रीती निति पर संकल्पित होकर पुनः छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी सरकार बनाने की शपथ दिलाया ।

कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय विधायक डॉ विनय जायसवाल ने कहां की हम सभी की जिम्मेदारी है छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सत्ता वापसी की बीते 5 वर्षों में हमारे मुखिया ने पूरे प्रदेश में विकास की गाथा गधा है जिसे हम सबको मिलकर जन-जन तक पहुंचना है उन्होंने समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में कमर कस मैदान में उतरने की बात कही । कार्यक्रम को और भी वक्ताओं ने सम्बोधित किया ।

स्वागत उद्बोधन जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने दिया वहीं कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कश्यप के द्वारा किया गया

दावेदार रुष्ट--- कार्यक्रम के पूर्व विधायक के पद हेतु दावेदार क्षेत्र के पदाधिकारीयो को मंच पर स्थान दिया गया था लेकिन कुछ कारण से फिर उन्हें नीचे की प्रथम पंक्ति पर असिन कराया गया जिससे दावेदार रुष्ट दिखे दावेदारों ने कहा कि पहले हम मंच से नीचे उतर गए जबकि कुछ दावेदार मंच पर विराजमान रहे हमें फिर मंच पर बुलाया गया लेकिन हम लोग नीचे के ही पंक्ति में बैठकर जनता की सेवा के लिए कटिबद्ध है

दावेदारों ने बताया कि हम क्यों उपयुक्त-- मंच द्वारा विधानसभा प्रत्याशी हेतु फार्म जमा किए सभी दावेदारों को मंच से बोलने का मौका दिया गया जिसमें किसी ने क्षेत्र के विकास के बारे में अपनी बात कही तो किसी ने बंद होते खदानों पर बात रखते हुए प्रत्याशी बनाए जाने एवं जीत दर्ज होने पर सेवा करने की बात कही सबसे युवा दावेदार अर्पित मित्तल ने मंच से बताया कि मैं शिक्षित एवं मुंबई की नौकरी पेशा में अच्छे पद पर पदस्थ हू लेकिन क्षेत्र के विकास की दावेदारी जिम्मेदारी हम युवाओं की भी बनती है, तो किसी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का संकल्प बंद कमरे में होती तो कार्यकर्ता अपनी बात रख सकते अगर कोई भटकेगा तो मंच के लोग भटक सकते हैं इस क्षेत्र से कोयले का दोहन कर बड़े महानगरों को विकसित किया गया अब हम सब की बारी है की यदि हम सभी में किसी को भी मौका मिलता है तो सभी उसका साथ देकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करें

एक दिवसीय संकल्प शिविर में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस ब्लाक, युथ, महिला, सेवा दल, नगर पालिक निगम चिरमिरी के निर्वाचित पार्षद, एल्डरमैन साथ सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे । ।

## राज्यस्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में16 खिलाड़ियों ने मेडल हासिल करने में सफल हुए



**चिरमिरी भारत भास्कर** राजनांदगांव मे आयोजित आई,पी,एफ, राज्यस्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में एम .सी.बी. जिला के सचिव रवि कुमार उपसचिव दिवस प्रसाद के नेतृत्व मे गय खिलाड़ियों में चिरमिरी एम. सी. बी. कोरिया. सूरजपुर और अंबिकापुर संभाग के 20 खिलाड़ियों के अपना जौहर दिखाया जिसमें 16 खिलाड़ियों ने मेडल हासिल करने में सफल हुए,

जिसमें गोल्ड हासिल करने वालों में रवि कुमार दिवस प्रसाद पियूष सोनी अजीत दास मयंक सिंह तथा सिल्वर मेडल दिनेश राजवाडे , मोहम्मद तौकिर ,आदित्य ताम्रकार , रामप्रसाद ,राहुल रोटियाँ ब्रांच मेडल, अनुराग, खल्ले राजवाडे, गुलाम अंसारी,मुर्तजा कादरी, ने मेडल जितने में सफल रहे वही महिलाओं वर्ग मे, गोल्ड मेडल प्रियंका सिंह , स्वाति ,कमलादेवी , प्राप्त कर सभांग का नाम रोशन किया

सभी प्रतिभागियों ने इंडिया के प्रेसीडेंट सत्यप्रकाश मसीह सर को धन्यवाद दिया हैं

प्रतिभागियों की सफलता हेतु छत्तीसगढ़ के सचिव तेजा साहू कोषाध्यक्ष हरिनाथ सर बिलासपुर के प्रेसीडेंट राजू खान सचिव राहुल सारथी ने अपनी शुभकामनाएं दी है !

## भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में एन सी सी यूनिट की स्थापना

**दुर्ग ( भारत भास्कर )।** आज दिनांक 9 सितम्बर 2023 को भारती विश्वविद्यालय] दुर्ग में एन.सी.सी. के 1-CG R&V रेजिमेंट के द्वारा एन.सी.सी. यूनिट की स्थापना की गई। कार्यक्रम के शुरुआत में भारती विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति श्री सुशील चंद्राकर जी को एन.सी.सी. यूनिट के कैडेट्स के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात वृक्षारोपण किया गया जिसमे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति माननीय श्री सुशील चंद्राकर] श्रीमती शालीनि चंद्राकर एवं भारतीय कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए.के. दुबे सहित विभिन्न विभागों के प्रोफेसर उपस्थित थे।



भारती विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न विषयों जैसे त्र-20, पर्यावरण, विज्ञान, चंद्रयान-3, आदि पर मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी अयोजित की गई जिसकी सभी के द्वारा प्रशंसा की गई। इसके बाद माँ सरस्वती जी के समक्ष ज्योति प्रज्वलन, और छत्तीसगढ़ महतारी के राजकीय गीत गायन किया गया। एन.सी.सी. इंचार्ज श्रीमती शोभा सिंग ठाकुर जी ने कार्यक्रम के अतिथि छ्ष्टह्न एन.के. घोष सर को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। प्रति-कुलपति डॉ आलोक भट्ट के द्वारा सभी अतिथियों, एन.सी.सी. यूनिट इंचार्ज लेफ्टिनेंट डॉ. राजकुमार गड़पाले एवम एन.सी.सी. के कैडेट्स का स्वागत कर एन.सी.सी. कैडेट्स के द्वारा पूरे देश में किए गए कार्यों की सराहना की और आभार व्यक्त किया। लेफ्टिनेंट डॉ राजकुमार गड़पाले जी ने भारत में छत्तीसगढ़ की पहली घुड़सवार रेजिमेंट 1-CG R&V की एन.सी.सी. यूनिट से भारती विश्वविद्यालय के छात्रों को जुड़ने के लिए प्रेरित किया ताकि वे भी विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके और भारती विश्वविद्यालय के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो की 1-CG R&V रेजिमेंट भारत में घुड़सवारी में दूसरे स्थान पर मेडल प्राप्त करने वाली रेजिमेंट रह चुकी है। एन.सी.सी. कैडेट्स एवम भारती विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। एन.सी.सी. कैडेट्स दीक्षा साहू, महिमा एवम सर्वज्ञ धीरी ने त्र-20 के गठन पर भाषण दिया। भारती विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षको एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## उपभोक्ताओं को बिजली बिल हॉफ योजना का मिल रहा सर्टिफिकेट

**राजनांदगांव।** बिजली बिल हॉफ योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा फरवरी 2019 से घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक के बिजली बिल में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत राजनांदगांव जिलें के अब तक 1 लाख 97 हजार घरेलु उपभोक्ताओं को 195 करोड़ 88 लाख 90 हजार रूपये की राशि तक की छूट मिल चुका है। विद्युत वितरण कंपनी इस योजना का लाभ उठाने वाले सभी उपभोक्ताओं को योजना शुरू होने के बाद से अब तक उन्हे मिली छूट की जानकारी सर्टिफिक्केट बांटकर दे रही है।

गौरतलब है कि प्रदेश भर में फरवरी 2019 से बिजली बिल हॉफ योजना लागू की गई है। इसमें घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक की खपत पर सीधे उनके बिजली बिल में ऊर्जा प्रभार में 50 प्रतिशत छूट का लाभ देते हुए बिजली जारी किया जा रहा है। इसकी जानकारी हिन्दी में बिल प्रिंट करके दी जा रही है वहीं अब इस योजना का लाभ उन उपभोक्ताओं को भी मिल रहा है, जिनका बिजली बिल छह माह से बकाया है। पहले इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्रता सीमा दो महीने थी। ऊर्जा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया और कंपनी के बिलिंग सॉफ़्टवेयर में ज़रूरी संशोधन कर दिए गए हैं। इस योजना का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए सभी बकायेदार घरेलु उपभोक्ताओं से बकाया राशि के भुगतान हेतु अपील की जा रही है, ताकि उन्हे भी इस योजना का लाभ मिल सके। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू की गई बिजली बिल हॉफ योजना के अन्तर्गत राजनांदगांव जिलें के 01 लाख 97 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को 195 करोड़ 88 लाख 90 हजार।

## गायत्री परिवार की बहनों ने बताया कि यज्ञ से प्रर्यावरण शुद्ध होता है

**नन्दू यादव**

**सूरजपुर भारत भास्कर** --- प्रत्येक रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञा पीठ चिरमिरी की बहनों के द्वारा व्यक्ति निर्माण परिवार निर्माण समाज निर्माण राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से ऋषियों की वैदिक परंपरा प्राचीन संस्कृति का महत्वपूर्ण संस्कार गर्भ उत्सव संस्कार पुंसवन संस्कार यज्ञ हवन करके गर्भ में पल रहे शिशु को श्रेष्ठ संस्कार दिया जा रहा है।




गायत्री परिवार की बहनों ने बताया कि यज्ञ से पर्यावरण शुद्ध होता है प्राकृतिक संतुलित होती है हमारे ऊपर जो भी प्राकृतिक ऋणों से मुक्ति माता-पिता माता-पिता के ऋणों से मुक्ति गुरुओं के ऋणों से मुक्ति समाज समाज सेवा व यज्ञ एवं परोपकार से ही हम सभी ऋणों से मुक्ति पा सकते हैं सभी बहनों को साधना उपासना आराधना का महत्व बताया जाता है वह सभी बहनों को गायत्री मंत्र लेखन एवं आओ ग ढ संस्कारवान पीढ़ी व नारी जागरण की पुस्तिका वितरण की गई यज्ञ से पूरे विश्व का कल्याण होता है देवता शीघ्र प्रसन्न होते हैं देवता यज्ञ से भोजन प्राप्त करते हैं ऐसा शास्त्रों में वर्णित है प्राचीन कॉल की नारियां थी बहुत विद्वान हुआ करती थी और उनका चिंतन मनन श्रेष्ठ हुआ करता था इसीलिए वह श्रेष्ठ संतानों को जन्म देती थी करती थी अखिल विश्व गायत्री परिवार के युग दृष्टा वेद मूर्ति त पो निस्ट पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य यह विचार क्रांति अभियान चलाए हैं

अभी तक 74 गर्भवती बहनों का गर्भ संस्कार संपन्न कराया गया

जिसमे कार्यकर्ता बहन विष्णु प्रिया अर्चना सिंह पुष्पा राय तुलसा दहिया सक्रिय रही।

### कांग्रेसियों पर निगम पैसे का दुरुपयोग का लगाया आरोप

# नगर पालिक निगम के सभागार में बन रहे लंच पैकेट का भाजपाइयों सहित ने किया विरोध

**चिरमिरी--- भारत भास्कर** क्षेत्र में आज जहां एक और कांग्रेस का संकल्प शिविर का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा था वहीं दूसरी ओर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नगर निगम सभागृह में धरना प्रदर्शन किया भाजपा पदाधिकारी निगम नेता प्रतिपक्ष आरोप यह था कि कार्यक्रम में हजारों पैकेट नाश्ता संकल्प शिविर के कार्यकर्ताओं हेतु बन रहा है उन्होंने इसे शासन के पैसे का दुरुपयोग दुरुपयोग बताया

बता दें कि निगम सभा गृह में लंच पैकेट बनाया जा रहा था निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह को जानकारी मिलने पर खुद निगम जाकर इसकी पूछताछ की तथा इसे शासन के पैसे का दुरुपयोग बताते हुए वो खुद सभागार में जाकर धरने में बैठ गए उसके बाद भाजपा के कुछ पार्षद और भाजपाई पहुच गए और हंगामा करने लगे। सभाकक्ष के मुख्य गेट में ताला लगा नारेबाजी करने लगे।



नेताप्रतिपक्ष का कहना था कि कांग्रेस के कार्यक्रम में निगम प्रशासन के सभाकक्ष में कैसे भोजन बना सकता है निगम के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। संकल्प शिविर के लिए हजारों पैकेट नास्ता निगम सभागार बनाया गया तो किसके संरक्षण में बनाया गया है साथ ही कहा कि शासन के पैसों का कर रहे हैं चिरमिरी नगर निगम के अधिकारी दुरुपयोग। लगभग तीन घंटे बाद जब कांग्रेस के कार्यकर्ताएं नाश्ता का पैकेट लेने पहुचे तो भाजपाइयो व कांग्रेस कार्यकर्ताओ में गर्मागर्मी का माहौल बन गया पुलिस पहुच कर दोनों को शांत कराया।



---

भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बचा तो अब कार्यकर्ताओं के लंच पैकेट को मुद्दा बना रहे हैं गुलाब कांग्रेस समिति के द्वारा भवन किराया पर लिया था जिसकी रसीद सार्वजनिक की गई है निगम के द्वारा हर किसी संस्था या पार्टी को सहयोग किया जाता है अन्य पार्टी के लोग भी किसी कार्यक्रम में निगम का सहयोग लेते रहते हैं एवं ले सकते हैं

**श्रीमती कंचन जायसवाल**
**महापौर --नगर पालिका निगम**
**चिरमिरी**

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में बारिश से हुए भूस्खलन में 7 लापता, 3 घायल



**बीजिंग, एजेंसी।** उत्तर पश्चिम चीन के गांसु प्रांत में भारी बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम सात लोग लापता हो गए और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, गन्नन तिब्बती स्वायत्त प्रान्त के ज़ियाहे काउंटी में दो टाउनशिप गुरुवार सुबह लगभग 3 बजे भूस्खलन की चपेट में आ गईं। यहां कुल बारिश क्रमशः 50.2 मिमी और 31.8 मिमी तक पहुंच गई। लापता लोगों में छह मजदूर हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया और उनकी चोटें जानलेवा नहीं हैं। लापता लोगों की तलाश के लिए बचावकर्मी जुट गए हैं।

### न्यूजीलैंड में रहना चाहता है सिख रैपर; भारत में बताया जान को खतरा: रिपोर्ट

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड में पढ़ाई करने गया एक सिख भारत वापस नहीं आना चाहता है, क्योंकि उसे जान का खतरा है। न्यूजीलैंड हेराल्ड अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, टिकटॉक पर 40 हजार फालोअर्स वाले रैपर ने दावा किया कि भारत में किसानों के विरोध प्रदर्शन और देश में अन्य सामाजिक और धार्मिक मुद्दों के बारे में गाने पोस्ट करने के बाद उसे भारत लौटने पर बदला लेने का डर है। उसने इस साल की शुरुआत में संरक्षित शरणार्थी दर्जे के लिए आव्रजन और संरक्षण न्यायाधिकरण में आवेदन किया था, जहां उसने यह भी दावा किया था कि उनके एक गाने के कारण धमकी भरे संदेश मिल रहे हैं। द हेराल्ड ने पिछले सप्ताह रिपोर्ट दी थी कि ट्रिब्यूनल ने हाल ही में उसकी अपील को खारिज कर दिया और शरणार्थी तथा संरक्षण अधिकारी के पहले के फैसले को बरकरार रखा। संरक्षण अधिकारी ने संरक्षित स्थिति के लिए उनके आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। रैपर जिसका नाम ट्रिब्यूनल ने नहीं बताया है। वह न्यूजीलैंड में 10 साल पहले पढ़ाई के लिए आया था। उसने अपने खाली समय में रैप संगीत लिखा और उन्हें न्यूजीलैंड में टिकटॉक पर अपलोड किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि गाने के बोल के बारे में शिकायतें मिलने के बाद उनके अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जो पंजाब बंदूक संस्कृति, गरीबी, जाति और नस्लवाद पर केंद्रित था। उसका वीजा 2018 में समाप्त हो गया था। उसने 2021 में संरक्षित स्थिति के लिए दावा दायर किया और फार्म में लिखा कि उसे राजनेताओं और अन्य तत्वों से नुकसान की आशंका है।

### स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ कोरोना पॉजिटिव, जी-20 शिखर सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल

**मैड्रिड, एजेंसी।** स्पेन के राष्टपति पेड्रो सांचेज़ गुरुवार (8 सितंबर) को कोरोना पॉजिटिव हो गए, उनकी रिपोर्ट सकारात्मक आई है। पेड्रो 9-10 सितंबर को दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। राष्टपति पेड्रो सांचेज़ अपने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर दी। सांचेज़ ने एक्स पर कहा, च्आज दोपहर को मेरा कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया है और मैं जी20 शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली की यात्रा नहीं कर पाऊंगा। मैं ठीक महसूस कर रहा हूं।ज्ज उन्होंने कहा कि उनकी जगह जी20 शिखर सम्मेलन में स्पेन का प्रतिनिधित्व प्रथम उपराष्टपति नादिया कैल्विनो और आर्थिक मामलों के मंत्री और विदेश मामलों, यूरोपीय संघ और सहयोग मंत्री करेंगे। राष्टपति पेड्रो सांचेज़ जी20 शिखर सम्मेलन से नहीं शामिल होने वाले तीसरे वैश्विक नेता हैं। उनसे पहले चीन के राष्टपति शी जिनपिंग और रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन जी20 सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। इस बीच, दिल्ली में भारत मंडपम में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए मंच तैयार कर लिया गया है। यह पहली बार है कि त20 शिखर सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में हो रहा है। इस कार्यक्रम में कई वैश्विक नेता और प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। वैश्विक नेताओं की मौजूदगी को लेकर दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद बना दिया गया है।

### अफ्रीकी देश माली में हुए दो आतंकवादी हमले में 49 नागरिकों, 15 सैनिकों की मौत

**बमाको, एजेंसी।** अफ्रीकी देश माली में हुए एक के बाद एक दो आतंकवादी हमले में कम से कम 49 नागरिक और 15 सैनिक मारे गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बयान के हवाले से कहा, पहला हमला आतंकियों ने नाइजर नदी पर टिम्बकटू नाव पर किया तो वहीं, दूसरा हमला आतंकियों ने बंबा के मालियन सशस्त्र बल (एफएएमए) के एक सैन्य ठिकाने पर किया। बयान में कहा गया, इस दोहरे हमले के जवाब में, हमारे बहादुर एफएएमए की संयुक्त हवाई-जमीन कार्रवाई ने लगभग 50 आतंकवादियों को मार गिराया। सभी यात्रियों को निकालने और स्थानों को सुरक्षित करने की तत्काल व्यवस्था की गई।

# खालिस्तान समर्थकों ने कनाडा के एक और हिंदू मंदिर में की तोड़फोड़

**टोरंटो, एजेंसी।**
अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस द्वारा कनाडा में भारतीय वाणिज्य दूतावास को बंद करने की धमकी से ठीक एक दिन पहले ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में एक और मंदिर की बाहरी दीवारों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक बातें लिखी गई हैं। भित्तिचित्रों का छिड़काव कर श्री माता भामेश्वरी दुर्गा मंदिर को अपवित्र कर दिया गया है।

मंदिर में यह तोड़फोड़ गुरुवार तड़के की गई है। तोड़फोड़ का पता गुरुवार सुबह चला। इसके बाद इस घटना की सूचना रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस या आरसीएमपी को दी गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट तस्वीरों के अनुसार, मंदिर की दीवारों पर पंजाब भारत नहीं है संदेश के साथ भारत विरोधी भित्तिचित्र बनाए गए हैं। बता दें कि कनाडा के सरे, ब्रिटिश कोलंबिया में किसी हिंदू मंदिर को निशाना बनाने की यह दूसरी ऐसी घटना है। मंदिर प्रबंधन के एक सदस्य ने खुद को रोहित के रूप में अपनी पहचान बताते हुए हिंदुस्तान टाइम्स को घटना के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि भित्तिचित्रों को




हटा दिया गया है और उस पर पेंट कर दिया गया है।

पिछली गर्मियों से ब्रिटिश कोलंबिया और ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र में मंदिरों को निशाना बनाने वाली घटनाओं की श्रृंखला में नवीनतम घटना ओटावा में भारतीय उच्चायोग द्वारा ग्लोबल अफेयर्स कनाडा को अपने राजनयिक परिसरों पर संभावित खतरे के बारे में बताए जाने के बाद हुई है। एसएफजे ने खालिस्तान समर्थक तत्वों से शुक्रवार को वैंकूवर वाणिज्य दूतावास को बंद करने का आह्वान किया था। माना जा रहा है कि नवीनतम हमला तथाकथित खालिस्तान जनमत संग्रह को रद्द करने के प्रतिशोध में किया गया है, जो 10 सितंबर को कनाडा के एक स्कूल में होना था लेकिन स्कूल बोर्ड ने किराए समझौते का उल्लंघन के आरोप में स्कूल को सामुदायिक कार्य के लिए किराए पर लेने वाले समझौते को रद्द कर दिया है। बोर्ड का आरोप है कि विज्ञापनों में स्कूल की तस्वीरों के साथ-साथ एक-47 राइफल और कृपाण दिखाए गए थे। यह जनमत संग्रह सरे के तमनविस सेकेंडरी स्कूल में आयोजित होने वाला था। हालाँकि, सरे डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के एक प्रवक्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हमारे किराये समझौते के उल्लंघन के कारण स्कूल का सामुदायिक किराया समझौता रद्द कर दिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है, इस मुद्दे को संबोधित करने के बार-बार प्रयासों के बावजूद, कार्यक्रम आयोजक विवादित तस्वीरों को हटाने में विफल रहे, और सामग्री पूरे सरे और सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाती रहीं। इसने कहा कि निर्णय के बारे में कार्यक्रम आयोजकों, जो कि एसएफजे था, को सूचित कर दिया गया था। अलगाववादी समूह ने जनमत संग्रह के लिए किसी वैकल्पिक तारीख की घोषणा नहीं की है।

### 107 अल-शबाब लड़ाकों ने सोमाली सरकार के सामने किया आत्मसमर्पण

**मोगादिशू, एजेंसी।**
सोमालिया के आतंकवाद विरोधी केंद्र ने कहा है कि जुलाई और अगस्त के बीच लगभग 107 अल-शबाब लड़ाकों ने सरकारी सेनाओं के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नेशनल सेंटर फॉर प्रिवेंटिंग एंड काउंटरिंग वायलेंट एक्सट्रीमिज्म के निदेशक अब्दुल्लाही मोहम्मद नोर ने गुरुवार को कहा कि आतंकवादियों ने चार राज्यों हिर्शबेले, गाल्मुदुग, दक्षिण-पश्चिम और जुबालैंड राज्यों में आत्मसमर्पण किया।

कट्टरपंथी बने छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं और समूह कमांडर शामिल हैं और उन्हें माफी की पेशकश की जाएगी और फिर पुनर्वास के लिए ले जाया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने सरकार की माफी से लाभ उठाने का इरादा रखने वाले समूह के लड़ाकों से इसका पालन करने का आग्रह किया और कहा कि वे अल-शबाब आतंकवादी समूह से अलग होने का स्वागत करेंगे। उसने कहा, सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने वाले अल-शबाब सदस्यों की संख्या में वृद्धि के दो कारण हैं। पहला, यह देश में चल रहे आक्रामक अभियानों का दबाव है।

## यूएस में छाया जी20 समिट, माइकल कुगेलमैन बोले- भारत अब वैश्विक नेता के रूप में स्थापित होने जा रहा है

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
दिल्ली में जी-20 सम्मेलन नौ सितंबर से शुरू होने जा रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अपने देश को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने का शानदार अवसर है। टाइम पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में वाशिंगटन में विल्सन सेंटर स्थित साउथ एशिया इंस्टीट्यूट के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने कहा कि भारत जी-20 की अध्यक्षता को यह दिखाने के अवसर के रूप में देखता है कि उसमें ग्लोबल साउथ के लिए एक पुल के रूप में काम करने की क्षमता है और वह प्रतिद्वंद्वी शक्तियों के साथ संबंधों को संभालने की क्षमता रखता है।

बता दें भारत जी-20 के शिखर सम्मेलन के लिए पूरी तरह से तैयार है। मेहमानों के सुरक्षा से लेकर उनके ठहरने का पूरा इंतजाम हो गया है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचने वाले विदेशी मेहमानों की अगवानी के लिए विभिन्न केंद्रीय राज्य मंत्रियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

अमेरिकी राष्टपति जो बाइडन का स्वागत शुक्रवार शाम 6.55 बजे राज्य मंत्री वीके सिंह करेंगे, जबकि ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का स्वागत करने के लिए राज्य मंत्री अश्विनी चौबे दोपहर 1.40 बजे एयरपोर्ट पहुचेंगे। सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत दोपहर 12:30 बजे राज्य मंत्री दर्शना जरदोश द्वारा किया जाएगा, जबकि राज्य मंत्री चौबे भी दोपहर 2.15 बजे जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा का स्वागत करेंगे। इससे पूर्व इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी का स्वागत सुबह 6¬20 बजे विदेश राज्य मंत्री शोभा कराडलाजे करेंगी। आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज शाम 6.15 बजे पहुंचेंगे और उनका स्वागत केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर करेंगे। जर्मनी और फ्रांस के राष्ट्राध्यक्ष नौ सितंबर को पहुंचेंगे।

## उत्तर कोरिया ने नई परमाणु पनडुब्बी का किया अनावरण

**सियोल, एजेंसी।**
उत्तर कोरिया ने एक नवनिर्मित सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी लॉन्च की है, जो पानी के भीतर परमाणु हमला करने में सक्षम है। देश के राष्ट्रपति किम जोंग-उन ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरोध को और मजबूत करने का संकल्प लिया। यह जानकारी मीडिया ने दी। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, बुधवार को आयोजित पनडुब्बी के लॉन्चिंग समारोह में उत्तर कोरियाई नेता ने भाग लिया। केसीएनए ने सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपीके) का जिक्र करते हुए कहा, पनडुब्बी-प्रक्षेपण समारोह ने उत्तर कोरिया की नौसैनिक शक्ति को मजबूत करने के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत की और राज्य परमाणु निरोध को और मजबूत करने के लिए डब्ल्यूपीके और उत्तर कोरिया सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को स्पष्ट कर दिया।

योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक हीरो किम कुन ओके नाम की सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी



नंबर 841 पानी के भीतर आक्रामक साधनों में से एक के रूप में अपने लड़ाकू मिशन को अंजाम देगी। किम ने अपने भाषण के दौरान कहा, यह तथ्य कि परमाणु हमला पनडुब्बी, जिसे दशकों से हमारे गणतंत्र के खिलाफ आक्रमण का प्रतीक माना जाता था, अब हमारी शक्ति का प्रतीक है, जो दुश्मनों को भयभीत करती है और यह दुनिया द्वारा अनदेखी हमारी अपनी शैली की एक नई पनडुब्बी है। उन्होंने संकेत दिया कि नवीनतम कदम का उद्देश्य अमेरिकी परमाणु-संचालित पनडुब्बियों का मुकाबला करना है।

नौसेना को परमाणु हथियारों से लैस करने को समय की जरूरत बताते हुए किम ने नौसेना में तेजी से बदलाव का आग्रह किया। उन्होंने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी सहित अधिक पनडुब्बियां बनाने की देश की योजना की भी घोषणा की। किम ने इस बात पर जोर दिया कि भू-राजनीतिक स्थिति के साथ-साथ दुश्मनों के हालिया आक्रामक प्रयासों को देखते हुए, नौसेना बल का तेजी से विकास राष्ट्रीय रक्षा के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। केसीएनए द्वारा जारी प्रारंभिक तस्वीरों से पता चलता है कि नवीनतम पनडुब्बी 10 मिसाइल ट्यूबों से सुसज्जित है, जो संभवतः पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइलों (एसएलबीएम) को दाग सकती है, हालांकि उत्तर कोरिया ने कोई विवरण नहीं दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तर कोरिया ने रोमियो श्रेणी की पनडुब्बी को संशोधित किया है, जो एसएलबीएम लांचर ले जाने में सक्षम नहीं है। ऐसा माना जाता है कि यह पनडुब्बी उत्तर कोरिया के पहले परमाणु-सशस्त्र मानवरहित पानी के नीचे वाहन हेइल को लॉन्च करने में भी सक्षम है, जिसका पिछले मार्च में अनावरण किया गया था। यह समारोह तब हो रहा है जब उत्तर कोरिया सियोल, वाशिंगटन और टोक्यो के बीच बढ़ते त्रिपक्षीय सुरक्षा सहयोग के मद्देनजर रूस और चीन के साथ अपने सैन्य सहयोग को बढ़ा रहा है। यह उन खबरों के बीच भी आया है कि किम अगले हफ्ते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने और संभावित हथियार सौदे पर चर्चा करने के लिए रूस के व्लादिवोस्तोक की यात्रा कर सकते हैं।

## हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार, जो बाइडेन को हरा सकती हैं: पोल

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
एक नए सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में उभरी हैं, जो 2024 के अमेरिकी चुनावों में राष्ट्रपति जो बाइडेन को हरा सकती हैं। रिपब्लिकन नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली एकमात्र महिला हेली ने गुरुवार को जारी सीएनएन/एसएसआरएस पोल में बाइडेन पर छह प्रतिशत अंकों की बढ़त हासिल की। हेली की टीम ने सर्वेक्षणों का स्वागत करते हुए कहा यह सर्वेक्षण पुष्टि करता है कि कई डेमोक्रेट और रिपब्लिकन क्या कह रहे हैं। । हेली के प्रेस सचिव केन फर्नासो ने सीएनएन पोल का जवाब देते हुए कहा, व्हाइट हाउस को वापस लेने के लिए निक्की हेली हमारी सबसे अच्छी उम्मीद हैं। हमारे पास केवल एक ही मौका है। यह जीतने के लिए खेलने का समय है।

पिछले महीने के अंत में पहली



रिपब्लिकन प्राथमिक बहस से बाहर निकलते हुए, हेली ने सीबीएस न्यूज़ को बताया कि वह पार्टी की 2024 की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने जा रही हैं। सीएनएन सर्वेक्षणों के अनुसार, ट्रम्प और बाइडेन के बीच संभावित दोबारा मुकाबले पर, सर्वेक्षण में शामिल 47 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे पूर्व राष्ट्रपति को चुनेंगे और 46 प्रतिशत ने कहा कि वे बाद वाले को चुनेंगे। इसके विपरीत, 44 प्रतिशत ने कहा कि कोई भी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार ट्रम्प से बेहतर होगा, जबकि 38 प्रतिशत ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति किसी भी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार से बेहतर हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस और सीनेटर टिम स्कॉट दोनों को बाइडेन के 44 प्रतिशत के मुकाबले 46 प्रतिशत वोट मिले, और न्यू जर्सी के गवर्नर क्रिस क्रिस्टी को बिडेन के 42 प्रतिशत के मुकाबले 44 प्रतिशत वोट मिले। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस 47 प्रतिशत के साथ बिडेन के साथ बराबरी पर हैं।

## अफ्रीकी स्वाइन फीवर का मामला सामने आने पर स्वीडन ने विशाल क्षेत्र को किया प्रतिबंधित

**स्टॉकहोम, एजेंसी।**
अधिकारियों ने घोषणा की है कि देश में अफ्रीकी स्वाइन बुखार का पहला मामला सामने आने के बाद मध्य स्वीडन में 800 वर्ग किलोमीटर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। स्वीडिश कृषि बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि छोटे शहर फर्गेर्स्टा के आसपास के क्षेत्र में जंगल में प्रवेश निषिद्ध होगा। हालांकि, इलाके को खाली नहीं कराया जाएगा।



यह निर्णय अगस्त के अंत से क्षेत्र में मृत पाए गए सात जंगली सूअरों में से एक में अफ्रीकी स्वाइन बुखार का पता चलने के तुरंत बाद लिया गया । समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस बीमारी से इंसानों को कोई खतरा नहीं है, लेकिन सुअर फार्मों के लिए यह विनाशकारी हो सकता है। जंगल तक पहुंच को प्रतिबंधित करके, अधिकारियों को उस जोखिम को कम करने की उम्मीद है जो वायरस जूते, उपकरण और वाहनों पर फैल सकता है।

चूंकि यह वायरस कुत्तों से भी फैल सकता है, इसलिए मालिकों को अपने पालतू जानवरों को जंगल में जाने से रोकने होगा। स्वीडिश नेशनल वेटरनरी इंस्टीट्यूट (एसवीए) की एसोसिएट प्रोफेसर एरिका चेनैस ने शिन्हुआ को बताया, प्रतिबंध महीनों तक और संभवत¬ इससे भी लंबे समय तक रहेंगे। यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण (ईएफएसए) के अनुसार, यह बीमारी 2014 से यूरोपीय संघ में मौजूद है। ईएफएसए के कार्यकारी निदेशक बर्नहार्ड यूआरएल ने मई में कहा, पिछले दशक में, अफ्रीकी स्वाइन बुखार ने यूरोपीय संघ में सुअर पालन क्षेत्र पर नाटकीय प्रभाव डाला है, और स्थानीय और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं को बाधित करना जारी रखा है।

## जी-20 की शुरुआत से पहले ही रूस पर राजनीति तेज, यूरोपियन यूनियन बोला- बर्ताव फिर पता चला

**लंदन/न्यूयर्क, एजेंसी।**
जी-20 के शिखर सम्मेलन की शुरुआत होने से पहले ही रूस पर राजनीति शुरू हो गई है। यूरोपीय यूनियन के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने रूस पर हमला बोला है और कहा, यह जी 20 बैठक रूसी व्यवहार के बारे में स्पष्टता लाने का एक और अवसर है। यूक्रेन के खिलाफ इस युद्ध को शुरू करके और काला सागर को युद्ध के मैदान में बदलकर, रूस फिर से विकासशील देशों के खिलाफ एक मिसाइल दाग रहा है। बता दें कि यूरोपीय यूनियन यूक्रेन पर रूस के हमलों का विरोध करता रहा है और यूक्रेन पर युद्ध थोपने के बाद कई तरह के प्रतिबंध रूस पर लगा चुका है। यूक्रेन संकट के बाद अक्सर बंटे रहने वाले यूरोपीय संघ में एक अभूतपूर्व क़िस्म की एकता देखने को मिली है। सदस्य देशों ने न केवल यूक्रेन को




आर्थिक और सैन्य सहायता मुहैया कराई है, बल्कि रूस पर दीर्घकालिक प्रतिबंध भी लगाए हैं और अपने रक्षा तंत्र को मज़बूत किया है। यूरोपीय यूनियन ने लाखों यूक्रेनी शरणार्थियों के लिए भी अपने द्वार खोले हैं। यूक्रेन युद्ध के बीच यूरोप ने खुद को रणनीतिक रूप से पुनर्गठित किया है, लेकिन सुरक्षा के लिए अमेरिका और ऊर्जा संसाधनों के लिए रूस पर उसकी निर्भरता ने उसे परेशान भी किया है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल 9 से 10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने उनका स्वागत किया था। दुनियाभर के देशों में सुरक्षा, समृद्धि और सतत विकास सुनिश्चित करने में भारत और यूरोपीय संघ के साझा हित रहे हैं। भारत और यूरोपीय संघ दोनों सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा और पेरिस समझौते के अनुरूप एक सुरक्षित, हरित, स्वच्छ, डिजिटल, अधिक लचीला और स्थिर दुनिया में संयुक्त रूप से योगदान देने के लिए नए तालमेल को बढ़ावा देने पर सहमत हुए हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की वतन वापसी का काउंटडाउन शुरू, अगले महीने आएंगे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
लंबे समय से यह अटकलें लगाई जाती रही हैं कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ वतन वापसी करने वाले हैं। अब इस बात की पुष्टि हो गई है कि शरीफ अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में पाकिस्तान आ सकते हैं। न्यूज-18 ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि पीएमएल (एन) सुप्रीमो के 10 से 15 अक्टूबर के बीच पाकिस्तान पहुंचने की संभावना है। तीन बार के प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ 2019 से ब्रिटेन में स्व-निर्वासित जीवन जी रहे हैं। निर्वासन से लौटने पर उन्हें पाकिस्तान में अदालतों और कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।

अगले साल की शुरुआत में पाकिस्तान में चुनाव होने हैं। माना जा रहा है कि नवाज शरीफ की अगुवाई में उनकी पार्टी पीएमएल (एन) अगला चुनाव लड़



सकती है। हालांकि, पाकिस्तान में चुनाव की तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं लेकिन 2024 की शुरुआत में चुनाव होने की संभावना है। इससे पहले नवाज शरीफ के भाई और पूर्व पीएम शहबाज शरीफ ने कहा था कि नेता अक्टूबर में वापस आएंगे।

बता दें कि भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए जाने के बाद जेल जाने के डर से नवाज शरीफ देश छोड़कर भाग गए थे। वह 2019 से इलाज के नाम पर लंदन में हैं। नेता के करीबी शीर्ष सूत्रों के अनुसार, शरीफ के खिलाफ सभी आरोप मनगढ़ंत और अवैध हैं। उन्होंने कहा कि नवाज को यकीन है कि उन्हें पूरा न्याय मिलेगा और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी।

बहरहाल, शरीफ किस तारीख को पाकिस्तान वापस आएंगे, यह तय नहीं हो सकका है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि वह 10 से 15 अक्टूबर के बीच वतन वापसी करेंगे। इससे पहले पिछले महीने नवाज शरीफ के भाई और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था कि उन्होंने भाई और पार्टी सुप्रीमो से मुलाकात की है और वो अक्टूबर में वतन वापस आएंगे।

नवाज शरीफ नवंबर 2019 से ब्रिटेन में स्व-निर्वासित जीवन जी रह रहे हैं। उन्हें 2018 में अल-अजीजिया मिल्स और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी ठहराया गया था। 73 वर्षीय राजनेता अल-अजीजिया मिल्स मामले में तब लाहौर की कोट लखपत जेल में सात साल की सजा काट रहे थे। 2019 में उन्हें चिकित्सा आधार पर लंदन जाने की अनुमति दी गई थी। संपत्ति छुपाने के मामले में पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन्हें आजीवन अयोग्य ठहराए जाने के बाद नवाज ने 2016 में पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपीलें संबंधित अदालतों में लंबित हैं।

## सार-समाचार

## थाना सिमगा पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया



**चंद्रप्रकाश टोंडे सिमगा :** आरोपी से 34 पाव देशी मदिरा मसाला जुमला 6.120 बल्क लीटर कीमती 3740 रूपये को जप्त किया गया । पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के आदेशानुसार श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय बलौदाबाजार-भाटापारा एंव श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना सिमगा के मार्ग दर्शन में समस्त अधिकारी/कर्मचारी को थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले के विरूद्ध सक्त कार्यवाही करने का दिशा निर्देश दिया गया था जिसके तारतम्य में दिनांक 10/09/2023 को थाना सिमगा के प्रआर रामनारायण वर्मा हमराह आर.739 बिरेन्द्र सिन्हा , आर.547 बब्बू साहू के द्वारा जुर्म जरायम पतासाजी एवं पेट्रोलिंग दौरान जरिये मुखबिर सूचना पर आरोपी मानू जांगडे पिता हलालू जांगडे उम्र 57 साल साकिन बनसांकरा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार को ग्राम बनसांकरा ओवर ब्रिज के नीचे में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब बिक्री करते पकड़े जिसके कब्जे पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 34 पाव देशी मंदिरा मशाला शराब प्रत्येक में 180 रूरू भरी हुई जुमला 6.120 बल्क लीटर कीमती 3740 रूपये रखे मिला जिसे गवाहो के समक्ष गिनती /बरामदगी कर मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया । आरोपी मानू जांगडे के विरूद्ध अपराध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजन को दिया गया । आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 295/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर प्रकरण अजमानतीय होने से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।-: सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना प्रभारी सिमगा के मार्गदर्शन में प्रआर रामनारायण वर्मा , आरक्षक बिरेन्द्र सिन्हा आरक्षक 547 बब्बू साहू का विशेष योगदान रहा ।

## फिजिक्स वाला 26 और शहरों में पीडब्ल्यू विद्यापीठ का शुभारंभ कर रहा



**अंबिकापुर।** फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) भारत में बड़े पैमाने पर शिक्षा को उदार बनाने वाला अग्रणी यूनिकॉर्न एड-टेक कंपनी है। यह भारत भर में तकनीक से सुसज्जित 26 नए ऑफ़लाइन सेंटर, पीडब्ल्यू विद्यापीठ की शुरुआत कर रहा है। पीडब्ल्यूएनएसएटी 2023 (फिजिक्स वाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट) के माध्यम से छात्रों के पास 100त्न तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर है। पीडब्ल्यूएनएसएटी के माध्यम से पीडब्ल्यू मेधावी छात्रों को 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। परीक्षा ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी। यह कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के साथ ड्रॉपर्स के लिए भी उपलब्ध होगी, जो जेईई या नीट की तैयारी करने के इच्छुक हैं। पीडब्ल्यू एनएसएटी परीक्षा 1, 8 और 15 अक्टूबर 2023 को ऑफ्लाइन मोड में आयोजित की जाएगी और ऑनलाइन मोड में छात्र 1 से 15 अक्टूबर 2023 तक परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा के लिए पंजीकरण पीडब्ल्यू वेबसाइट, ऐप या निकटतम ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर पर 15 अक्टूबर, 2023 तक कराया जा सकता है। परीक्षा के परिणाम 20 अक्टूबर, 2023 को घोषित किए जाएंगे। इस शैक्षणिक सत्र के लिए क्लासेज़ अक्टूबर 2023 से शुरू होंगी। इस बीच, छात्र उनके शहर में शीघ्र खुल रहे विद्यापीठ सेंटर में स्थित सूचना केंद्रों पर जाकर प्रवेश, छात्रवृत्ति, पंजीकरण, पाठ्यक्रम, शुल्क, परामर्श और सम्बंधित अन्य जरूरी विषयों पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## तेंदुआ दिखने के बाद से ही क्षेत्र में दहशत व्याप्त

**कांकेर।** कांकेर जिले के वन परिक्षेत्र अंतर्गत शहर के आदर्श नगर वार्ड से लगे पहाड़ी में एक तेंदुआ दिखाई देने के बाद से ही क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। उक्त तेंदुए का कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया था यह वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में तेंदुओं को पहाड़ के चट्टानों पर आते-जाते और आराम करते हुए देखा जा सकता है। गुरुवार शाम को वायरल हुई इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही क्षेत्र में दशहत व्याप्त हो गया है। इसके पहले भी इलाके में तेंदुए के आमद की बात सामने आ चुकी है।

### प्री-लिटिगेशन के 3712 एवं नियमित मामलों के 1101 मामले हुए निराकृत

# जिला एवं सत्र न्यायालय में हुआ लोक अदालत





**दंतेवाड़ा( भारत भास्कर )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 09 सितंबर 2023 को शनिवार के दिन जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा के अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, बीजापुर के व्यवहार न्यायालय में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के साथ-साथ तीनों राजस्व जिला- दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के न्यायालयों में एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए कुल 11 खंडपीठ का गठन किया गया था। जिसमें न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दंतेवाड़ा का भी नवीन खंडपीठ बनाया गया था। सभी न्यायालयों में प्री-लिटिगेशन के मामले जैसे- बैंक, विधुत नलजल, बीएसएनएल एवं राजस्व न्यायालयों के मामलों को मिलाकर कुल 4 हजार 762 प्रकरण रखे गये थे। जिनमें से कुल 3 हजार 712 मामले निराकृत हुए। जिसमें प्री-लिटिगेशन के कुल- 1,72,042 रुपये राशि का अवार्ड पारित किया गया ।

इसी प्रकार सभी न्यायालयों में लंबित नियमित मामले कुल 1315 रखे गये थे। जिनमें से कुल 1101 मामलों का निराकरण करते हुए कुल 2,76,84,427 रुपये राशि का एवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार सभी मिलाकर इस लोक अदालत में कुल 6077 प्रकरण रखे गये थे। जिसमें से कुल 4813 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 2,78,56,469 रूपये का अवार्ड पारित किया गया । ज्ञातव्य है कि उक्त लोक अदालत वर्चुअल एवं भौतिक दोनों रूप में आयोजित किया गया था। इस क्रम में नेशनल लोक अदालत में आज मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण दंतेवाड़ा के खंडपीठ क्रमांक 1 के पीठासीन जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के न्यायालय के मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में कुल 14 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल राशि 1,33,55,000 रुपये का अवार्ड, संतोष कुमार तिवारी, न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दंतेवाड़ा के न्यायालय से कुल - 06 प्रकरण का निराकरण करते हुए 21000 रुपये का अवार्ड, प्रवीण कुमार प्रधान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा के न्यायालय से कुल- 06 प्रकरण का निराकरण करते हुए 40.00,000 रुपये का अवार्ड, दीपक कुमार देशलहरे, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा के 08 प्रकरण का निराकरण करते हुए 53.55,000 रुपये का अवार्ड, शान्तनु कुमार देशलहरे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नक्सल कोर्ट, दंतेवाड़ा के न्यायालय से कुल 14 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 42,57,127 रूपये का अवार्ड, शैलेश शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ्टीसी, दंतेवाड़ा के न्यायालय से कुल 1 प्रकरण का निराकरण करते हुए 2,50,000 रूपये का अवार्ड पारित किया गया।

इस अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के द्वारा भी अधिक से अधिक मामले इस लोक अदालत में राजीनामा हेतु रखे गये थे और कुल- 1051 रेगुलर मामलों का निराकरण किया गया । इसके साथ ही न्यायालय परिसर दंतेवाड़ा में हेल्थ चेकअप एवं स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें न्यायालय में उपस्थित होने वाले न्यायाधीशगण के साथ साथ अन्य पक्षकारों, अधिवक्ताओं, स्टाफ ने अपने अपने स्वास्थ्य का जांच कराया गया। इसके अलावा न्यायालय परिसर के मध्यस्थता कक्ष में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्तागण, सुलहकर्ता गण एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस भी मनाया गया । प्राप्त जानकारी अनुसार आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 09 दिसंबर 2023 को पुन: आयोजित किया जायेगा।

## पुलिस परिवार की बेटी का हुआ पीएससी में चयन

- पुलिस अधीक्षक, गौरव राय ने दी बधाई
- प्रथम प्रयास में ही तनुजा नाग का हुआ चयन
- छोटी बहन अंकिता नाग भी हैं जिले की टॉपर



**दन्तेवाड़ा( भारत भास्कर )** जिला के पुलिस विभाग में पदस्थ सउनि0 सोमलाल नाग की बेटी तनुजा नाग का हाल ही में जारी पीएससी चयन सूची में सहायक संचालक आदिम जाति कल्याण विभाग के पद पर चयन हुआ है। तनुजा नाग का चयन होने पर पुलिस अधीक्षक, गौरव राय अति0 पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन द्वारा पुलिस परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाए दी।

ज्ञात हो कि तनुजा अपने परिवार के चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं जो आईटी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूर्ण कर पहले ही प्रयास में सहायक संचालक के पद पर चयनित हुई हैं। परिवार में तनुजा की छोटी बहन अंकिता नाग भी दसवीं में जिले की टॉपर इसी वर्ष होने से जापान टूर के लिये चयनित हुई हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, गौरव राय के द्वारा पुलिस लाईन में पदस्थ सउनि0 सोमलाल नाग के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की बधाई के साथ-साथ भविष्य में आवश्यकता अनुसार मदद करने का आश्वसन दिया ।

## भाजपा मंडल सरोना के द्वारा उदयनिधि स्टालिन पुतला दहन किया गया

**अशोक जैन की क़लम से**



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना के द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कमलेश नेताम के नेतृत्व में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र के द्वारा सनातनी धर्म को मलेरिया टाइफइड एवं बीमारू बताकर अश्लील टिप्पणी के विरोध में बस स्टैंड सरोना में पुतला दहन कर कर्नाटक सरकार को बर्खास्त करने के मांग करते हुए घोर निन्दा की गई इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी विधानसभा के घोषित प्रत्याशी आसाराम नेताम मंडल प्रभारी श्रीमती तारा ठाकुर मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया जिला के मंत्री हीरा मरकाम मंडल महामंत्री टेकेश्वर सिन्हा पूर्व जिला अध्यक्ष हलधर साहू भाजयुमो मंडल अध्यक्ष भाजयुमो मंडल महामंत्री किशोर भास्कर पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन नेताम जी सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक संजय गोलछा सरोना भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी अशोक जैन युवा नेता निलेश गोलछा जी वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र नायक तीतरा निषाद जी सहित पार्टी के जेस्ट श्रेष्ट कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक गांजा तस्कर गिरफ्तार व स्कूटी बरामद ( कुल 3,08,500 रूपये की संपत्ति



**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )** श्रीमान पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन,पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दंतेवाडा राहुल उईके के मार्गदर्शन में अवैध गांजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थ के उपयोग के विरूद्ध लगातार चलाये जा जा रहे अभियान के तहत दिनांक 08.09.2023 को ग्राम बालूद मुरकी चैक से आरोपी भदरू यादव के कब्जे से 12.250 किलो ग्राम गांजा, 2500 रूपये नगद व 01 मोबाईल जिसका कुल किमत 1,25,000 रूपये को जप्त किया गया है जिस पर अपराध क्रमांक 96/2023 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसके पूर्व भी दिनांक 01.09.2023 को कटेकल्याण रोड फरेस्ट नाका दंतेवाडा के पास से 9.35 किलो गांजा व एक स्कूटी जुपिटर टीवीएस कंपनी का संदिग्ध हालत में मिला जिसका कुल किमत 1,83,500 रूपये को जप्त किया गया जिस पर फरार आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली दंतेवाडा में अपराध क्रमांक 91/2023 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस प्रकार नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही दौरान थाना सिटी कोतवाली दंतेवाडा में कुल 21.600 किलो गांजा व स्कूटी, मोबाईल सहित किमती लगभग 3,10,000 रूपये का संपत्ति जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विजय पटेल, उनि. ओमशंकर साहू, हेमशंकर गुनेन्द्र सउनि रणवीर सिंह, भूरेलाल शर्मा, सुनिता साहू, 233 रईशा मंसूरी , आर 893 हरीश नायर, कृष्णाराव तलाण्डी, केशव पटेल, मनराखन यादव, ओमप्रकाश वट्टी, भुनेश्वर नेताम, महेन्द्र पैकरा, की सराहनीय भूमिका रही।

## गांव-गांव में मतदान प्रति जगा रहे हैं अलख

### ग्राम मटेनार में रंगोली, चित्रकला, निबंध बनाने सहित मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का दिया गया संदेश



**दंतेवाड़ा (भारत भास्कर)।** विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित किये जाने हेतु गांव-गांव में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अधिकारियों-कर्मचारियों सहित शिक्षक शिक्षिकाएं,पंचायत सचिव,रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मितानिन और महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राएं मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा ब्लॉक के मटेनार स्कूल के बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित किया गया। इस छात्र-छात्राओं ने वोट को रेखांकित करते हुए सुंदर और आकर्षक मानव श्रृंखला बनाने के साथ ही मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने सन्देश दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस एवं संकुल स्तरीय विज्ञान मेला संपन्न

**अशोक जैन की क़लम से**



**कांकेर।** शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल अभनपुर में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रारंभिक शिक्षा अभनपुर से शिक्षा लेने वाली हिना सिन्हा उसी विद्यालय में मुख्य अतिथि बनकर आई अभी वर्तमान में हिना सिन्हा शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुरी में अतिथि सहायक प्राध्यापक के रूप में शिक्षा की अलख जगा रही है कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाभारत के द्रोणाचार्य के गुरु और शिष्य के संबंधों पर अपनी व्याख्यान दी विद्यार्थियों को मोटिवेशन करते हुए गणित के बारीकियां को आसानी से कैसे समझा जा सकता है इस पर विस्तार पूर्वक टिप्स देते हुए कहा कि कोई भी देश टेक्नोलॉजी एवं अन्य क्षेत्र में अग्रणी है तो उसका मूल आधार शिक्षा है वर्तमान में साक्षरता दर एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासन प्रशासन को आभार मानते हुए बालिकाओं को उज्जवल भविष्य की कामना की तत्पश्चात संकुल स्तरीय विज्ञान मेला बालक हायर सेकेंडरी स्कूल अभनपुर के सभागृह में मंच साझा करते हुए मिसाइल पुरुष एपीजे अब्दुल कलाम के जीवठता पर चर्चा करते हुए वर्तमान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के द्वारा चंद्रयान 3 के सफ्लता के लिए देश के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित बच्चों के द्वारा विज्ञान मेला में प्रदर्शनी के लिए गणित विज्ञान एवं पर्यावरण के मॉडल बनाकर लाए थे ऐसी प्रतिभावान विद्यार्थियों को भविष्य के वैज्ञानिक बताते हुए बधाई शुभकामनाएं दी अंत में अपने गुरुजनों को श्रीफ्ल एवं कलम भेंटकर अपने सफ्लता के लिए आभार व्यक्त की इस अवसर पर इस अवसर पर प्रमुख रूप से साला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीएस नेताम ग्राम पंचायत अभनपुर के सरपंच भाऊराम भास्कर उप सरपंच टेकेश्वर सिन्हा शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्य आनंद नेताम विश्वनाथ नेताम दोनों संस्था के संस्था प्रमुख बी. एल. साहू आर. पी. नेताम नरेंद्र सोनी संजय यादव रूपेंद्र रामटेक सोहन दास मानिकपुरी संपत नेताम सुखलाल नुरुसिया संगीता कोमरे दीपेश्वरी कावड़े जानकी कुंभकार फूलचंद कोर्राम बुद्धि साहू सोहन साहू अर्जुन मंडावी अफ्जल अली मनीष साहू पूजा ठाकुर दीपा नेताम भारतीय सोरी रंजना कोर्राम शिव इसभास्कर अनिल तेता भुवनेश्वर कोर्राम मंडावी मैम सहित संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं से 7 लाख से अधिक की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर। महिला से अन्य महिलाओं को भरोसा में लेकर 7 लाख 20 हजार की ठगी कर ली। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सकुंतला निषाद 58 वर्ष ग्राम अटारी की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपिया वीणा निषाद ने प्रार्थिया एवं गांव के अन्य 8 से 10 महिलाओं को भरोसा में लेकर बैंकों से पैसा 7 लाख 20 हजार रुपए निकालकर अपने निजी उपयोग कर लिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया व अन्य महिलाओं को मिली तो उसने इसकी शिकायत कबीरनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो अलग-अलग क्षेत्रों से दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो बाइक पार कर दी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अवधराम सोनडोंगरी निवासी प्रार्थी अलखराम यादव 37 वर्ष ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएस 1267 को मेकाहारा पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में देवेन्द्र नगर निवासी प्रार्थी केशरीचंद जैन 62 वर्ष ने मोवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 के 9325 को मंडी रोड स्थित सेंट मेरी स्कूल के पास खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जमीन बंटवारा के नाम पर महिला से मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा स्थित तारू सिंह चौक के पास जमीन बंटवारा को लेकर तीन लोगों ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जसवीन कौर 35 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि आरोपी हरप्रित सिंह, राजपाल व अन्य ने जमीन बंटवारा को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान का ताला तोड़कर किया कब्जा

**रायपुर।** ग्राम जुलूम स्थित मां रानी ज्वेलर्स का ताला तोड़कर तीन लोगों ने सामान एवं जेवर को हटाकर दुकान पर कब्जा कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आकाश सोनी 33 वर्ष कृष्णा नगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी आरोपियों का दुकान किराए पर लेकर मां रानी ज्वेलर्स नाम से दुकान चलाता है। जिससे आरोपी आनंद साहू, यशवंत साहू व अन्य ने दुकान का ताला तोड़कर सामान व जेवर को हटाकर दुकान पर कब्जा कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 447, 448, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार हुए

**रायपुर।** खमतराई व गोलबाजार पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने भनपुरी तिराहा के पास अवैध शराब बेचते आरोपी बलदाउ वर्मा 45 वर्ष व रोमीत साहू 40 वर्षा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 67 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 570 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी प्रदीप विश्वकर्मा 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 10 लीटर कच्चा महुआ शराब व बिक्री रकम 650 रुपए जब्त किया है।

### सरेआम शराब पीते 15 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने सम्राट टाकीज के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मनीष बाघमारे 23 वर्ष, प्रमोद मानिकपुरी 30 वर्ष व शत्रुहन धीवर 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

---

राज्य स्तरीय बुनकर सम्मेलन रायपुर में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# स्कूली बच्चों की ड्रेस की आपूर्ति करेगा हाथकरघा संघ-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल....

- बुनकर समाज नये जमाने के अनुरूप उन्नत हुनर के साथ अपने परंपरागत पेशे को आगे बढ़ाएं : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल
- बुनकर समाज नये जमाने के अनुरूप उन्नत हुनर के साथ अपने परंपरागत पेशे को आगे बढ़ाएं

रायपुर/ संवाददाता



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने की घोषणा - स्कूली बच्चों की ड्रेस की आपूर्ति करेगा हाथकरघा संघ राज्य स्तरीय बुनकर सम्मेलन रायपुर में शामिल हुए मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय बुनकर सम्मेलन रायपुर में शामिल हुए मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में छत्तीसगढ़ बुनकर शिल्पी संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बुनकर सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान बुनकरों के हित में आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्कूलों में गणवेश आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ को प्रदान करने की घोषणा भी की। सम्मेलन में राज्य भर से बुनकर समाज के महिला-पुरूष सहित समूह के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि बुनकर सामाज बहुत मेहनती और उद्यमी समाज है। यह समाज धागा कातने और कपड़ा बुनने के काम को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ा रहा है। पुरखों ने हमें जो हुनर सिखाया है, उसे हम भूले नहीं है। आज मशीनी उत्पादों से लोगों का मोह भंग हो रहा है। हाथों से बने, शुद्ध और भरोसे के उत्पादों की तरफ लोग लौट रहे हैं। कृत्रिम की जगह प्राकृतिक चीजों की मांग बढ़ रही है। यह हमारे परंपरागत उद्यमियों के लिए एक अच्छा अवसर है, इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमने बीते पांच सालों में बुनकर भाइयों के प्रशिक्षण से लेकर उत्पादन में सहयोग और उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने तक सभी तरह के जरूरी कदम उठाए हैं। हमने छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए लगातार काम किया है। इन पांच सालों में हमने बुनकरी के विकास के लिए एक ऐसी मजबूत अधोसंरचना तैयार की है, जिसका लाभ आने वाले कई वर्षों तक मिलता रहेगा। इससे बुनकरी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर निर्मित होंगे। मैं बुनकर समाज के लोगों से अपील करता हूं कि आप नये जमाने के अनुरूप नये दृष्टिकोण के साथ अपने इस परंपरागत पेशे को आगे बढ़ाएं। हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कोसा उत्पादन के मामले में आज भी छत्तीसगढ़ देश में सबसे आगे है। हमारे यहां बने कपड़ों की मांग विदेशों तक है। हमारे यहां के रेशमी कपड़ों की क्वालिटी का कहीं मुकाबला नहीं है। आज हमारे बच्चे पढ़-लिखकर बाजार को बेहतर तरीके से समझ रहे हैं। नयी पीढ़ी के उद्यमी बच्चे कपड़ों के प्रिंट और डिजाइन में तरह-तरह के नवाचार कर रहे हैं।

## केंद्रीय पूल में चावल उपार्जन के लक्ष्य में कटौती पर मुख्यमंत्री ने लिखा पत्र

- चावल की पैकेजिंग के लिए 3.56 लाख गठान नए जूट बैग की आपूर्ति का भी किया अनुरोध

रायपुर। संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में केंद्रीय पूल में चावल उपार्जन का लक्ष्य 86.5 लाख मे.टन यथावत रखने का अनुरोध किया है। साथ ही परिणामी चावल की पैकेजिंग के लिए 3.56 लाख गठान नए जूट बैग की आपूर्ति जूट कमिश्नर के माध्यम से कराए जाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पत्र में लिखा है कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा खाद्य सचिवों की बैठक दिनांक 21 अगस्त 2023 की जारी कार्यवाही विवरण दिनांक 28 अगस्त 2023 द्वारा राज्य में धान के उपार्जन अनुमान 130 लाख टन के अनुसार बनने वाले परिणामी चावल की 86.5 लाख मे.टन मात्रा को घटाते हुए 61 लाख मे.टन कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जूट पैकेजिंग की छठवीं आपूर्ति योजना दिनांक 06 सितंबर 2023 द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल उपार्जन हेतु आवश्यक नये जूट बारदानों की आपूर्ति मात्रा को कम करते हुए 3.56 लाख गठान के स्थान पर 2.45 लाख गठान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 21 अगस्त 2023 को खाद्य सचिवों की बैठक में हुई चर्चा का का उल्लेख करते हुए कहा है कि इस बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की सीमा 20 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने का उल्लेख करते हुए, जो कि विगत कई वर्षो से खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 से 15 क्विंटल प्रति एकड निर्धारित थी।

## ब्रम्हास्त्र निकाल लिया-ये तो होना ही था, ऐ दारी दो चुनाव की करो तैयारी

रायपुर। संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने वह ब्रम्हास्त्र निकाल लिया है और उसे चलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसका संकेत हम तीन माह पहले 28 मई को दे चुके हैं। हाल के दिनों में दो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समय पूर्व लोकसभा चुनाव की आशंका जताई तो देश भर में इस पर चर्चा चल पड़ी। अब एक देश एक चुनाव के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इसके मुखिया होंगे। कमेटी में लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीररंजन चौधरी को भी स्थान दिया गया है। कमेटी गठन पर कांग्रेस पूछ रही है कि इसकी अचानक क्यों जरूरत पड़ गई? दरअसल, यह अचानक नहीं है। भाजपा में यह खिचड़ी पहले से ही पक रही थी। इसीलिए वह विधानसभा चुनाव के साथ साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व विधानसभा चुनाव से ज्यादा फोकस 2024 के चुनाव पर क्यों कर रहा है, यह अब खुलकर सामने आ गया है। पहले से ही सम्भावना बनी हुई है कि हिमाचल और कर्नाटक की हार के बाद छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में दुर्दशा से बचने भाजपा कोई ऐसा ब्रम्हास्त्र चला सकती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभामंडल का सीधा असर राज्यों के चुनाव पर पड़े। पहले देखा जा चुका है कि आम चुनाव में देश की जनता ने मोदी की खातिर भाजपा को समर्थन दिया लेकिन राज्यों के चुनावों में स्थानीय मुद्दे प्रभावी रहे। वहां मोदी का जादू नहीं चल पाया। मोदी मैजिक राज्यों में भी चले, इसका एक उपाय है कि देश में एक साथ चुनाव की वह व्यवस्था बहाल हो जाये, जो 60 के दशक में बंद हो गई। ऐसा हुआ तो देश में एक साथ चुनाव हो सकते हैं।

नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक के दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी.



प्रदेश के सभी जिलों में निकली भारत जोड़ो यात्रा

## भारत जोड़ो यात्रा का इतिहास स्याही से नहीं पसीने से लिखा गया-कांग्रेस

रायपुर/ संवाददाता



भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ पर पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रदेश कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो यात्रा संपन्न कराई गई। इस कार्यक्रम के लिए प्रत्येक जिले में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को प्रभारी नियुक्त किया गया था। यात्रा के दौरान जनता को भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य से अवगत कराया गया और साथ ही भाजपा के विभाजनकारी राजनीति के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत जोड़ो यात्रा रायपुर में दीपक बैज और सरगुजा में टी.एस.सिंहदेव प्रभारी के रूप में शामिल हुये। इसी प्रकार अन्य जिलों बेमेतरा में जांजगीर चांपा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्री रविन्द्र चौबे, दुर्ग में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कवर्धा में मंत्री मो. अकबर, बिलासपुर में मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, सुकमा मंत्री कवासी लखमा, सुरजपुर में मंत्री अमरजीत भगत, कोण्डागांव में मंत्री मोहन मरकाम, कोरबा में मंत्री जयसिंह अग्रवाल, बालोद में मंत्री अनिला भेड़िया, सक्ती में मंत्री गुरू रूद्र कुमार, रायगढ़ में मंत्री उमेश पटेल, महासमुंद में सासंद रंजीत रंजन, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में सांसद ज्योत्सना महंत, बस्तर जगदलपुर में सांसद फूलोदेवी नेताम, बलौदाबजार में विनोद चंद्राकर, गरियाबंद में द्वारिकाधीश यादव, धमतरी में शिशुपाल सोरी, राजनांदगांव में इंद्रशाह मंडावी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी कुंवर सिंह निषाद।

## 14 बॉटल तथा 192 पौवा अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार....

रायपुर। राजधानी रायपुर की एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा कबीर नगर थाना पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 बॉटल तथा 192 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त किया है। बुधवार की दरम्यानी रात्रि एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि चारपहिया वाहन में सवार कुछ व्यक्ति वाहन में शराब रखे है तथा उसे लेकर टाटीबंध से हीरापुर की ओर जा रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कबीरनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वाहन एवं वाहन में सवार व्यक्तियों को पकडने हेतु क्षेत्र में नाकेबंदी करने के साथ ही वाहनों में पेट्रोलिंग कर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा थाना कबीरनगर क्षेत्रांतर्गत हीरापुर स्थित राम जानकी मंदिर पास मुखबीर द्वारा बताये चारपहिया वाहन को आता देख वाहन को रोकवाने का प्रयास करने पर वाहन चालक वाहन को और अधिक तेजी से चलाकर भाग रहे थे।

## अनुराग कांग्रेस आईटी,सोशल मीडिया सेल को-कॉर्डिनेटर....

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज के निर्देश पर प्रदेश महासचिव संगठन एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैदू ने तेजतर्रार युवा नेता अनुराग महतो को प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल व सोशल मीडिया सेल का को कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है। अनुराग महतो कांग्रेस आईटी एवं मीडिया सेल के अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा को सहयोग करेंगे। अनुराग महतो की इस नियुक्ति के चुनावी मायने हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज के साथ वर्षों काम करते हुए इन्होंने कांग्रेस की रीति नीति को बारीकी से सीखा है और अब इसका उपयोग आगामी चुनाव में तेज गति से समाचार सम्प्रेषण में होगा। बस्तर ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में युवा वर्ग में इनका अच्छा नेटवर्क है। इसका प्रभाव अब इन्हें सौंपी गई इस नई जिम्मेदारी में दिखेगा। युवाओं का कहना है कि बस्तर सांसद दीपक बैज ने पीसीसी की कमान संभालने के बाद युवाओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने अनुभवी नेताओं को सम्मान देने के साथ साथ युवा नेतृत्व को आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया है ताकि युवा पीढ़ी को कांग्रेस के विचारों से जोड़ा जा सके। आज के दौर में सोशल मीडिया और आईटी सेल राजनीतिक पार्टियों के लिए सबसे अहम विचार सम्प्रेषण माध्यम है। इसकी उपयोगिता का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। कांग्रेस के आईटी सेल ने पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक सफ्लता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

सीएससी द्वारा डिजिटल मड़ई का आयोजन

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया

- दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बीसी सखियों का हुआ सम्मान
- डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने डुएल ऑथेन्टिकेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया

रायपुर/ संवाददाता



सीएससी द्वारा डिजिटल मड़ई का आयोजन डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने डुएल ऑथेन्टिकेशन उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को भी सम्मानित किया गया छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत डिजिटल फाइनेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली और दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाली 15 बीसी सखियों को आज सम्मानित किया गया। स्वसहायता समूहों में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने बैंकों द्वारा शुरू की गई दोहरी प्रमाणीकरणकी प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 बैंकर्स का भी सम्मान किया गया। डिजिटल फाइनेंस के लिए तकनीकी सहायता एजेंसी सीएससी ई-गर्वनेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा आज रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित डिजिटल मड़ई में बीसी सखियों और बैंकर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीसी सखियों की सफ्लता की कहानियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। डिजिटल मड़ई कार्यक्रम में बीसी सखी के रूप में सर्वाधिक आय अर्जित करने वाली धमतरी जिले की सुनीता साहू, रायपुर की प्रियंका साहू, कोरिया की रनिया कुमारी तथा राजनांदगांव जिले की ऋतु श्रीवास और ममता पटेल को सम्मानित किया गया। स्थानीय लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए सर्वाधिक ट्रांजैक्शन करने वाली बीसी सखियों कोरिया जिले की सुनीता कुमारी, बलरामपुर-रामानुजगंज की संगीता खलखो, कांकेर की पुष्पा बाई, गरियाबंद की खेमेश्वरी तिवारी और रायगढ़ की नेमिका पटेल को भी डिजिटल मड़ई में पुरस्कृत किया गया। बीसी सखी के रूप में ग्रामीणों को सर्वाधिक सेवाएं प्रदान करने वाली रायपुर जिले की नीलम साहू, कबीरधाम की संगीता भास्कर, राजनांदगांव की नागेश्वरी सिन्हा, रायगढ़ की कलावती राठिया और दुर्ग की तारा साहू को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इन बीसी सखियों ने अपने काम के अनुभव भी साझा किए। डिजिटल मड़ई में स्वसहायता समूहों में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने बैंकों द्वारा शुरू की गई दोहरी प्रमाणीकरणकी प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों को भी सम्मानित किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक कुरंदी, बस्तर के शाखा प्रबंधक सी.आर. ठाकुर, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक छाती, धमतरी के शाखा प्रबंधक प्रदीप सिंह ठाकुर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धमतरी के शाखा प्रबंधक बाबुल सिंह, बैंक ऑफ महाराष्ट्र जामगांव (जी), धमतरी के शाखा प्रबंधक दिलीप बेहरा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक-संदीप तिवारी द्वारा अनंत विहार कालोनी, दलदल सिवनी मार्ग-मोवा रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी, दलदल सिवनी मार्ग -मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन:-9301031000, 0771-6556444 bharatbhaskar222@gmail.com